हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025




# सीएम साय 30 को जाएंगे दिल्ली, नड्डा से करेंगे मुलाकात, सांसदों को देंगे भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 30 जुलाई को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, नितिन गडकरी सहित कुछ केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से भी मुलाकात संभव है। दिल्ली प्रवास के दौरान श्री साय छत्तीसगढ़ के सांसदों को भोज भी देंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में इस समय लोकसभा का सत्र चल रहा है। इस सत्र में शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी सांसद दिल्ली में हैं। इस बीच मुख्यमंत्री श्री साय का भी दिल्ली दौरा तय हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात में छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल के विस्तार के साथ निगम, मंडल, आयोग के बचे पदों को लेकर चर्चा हो सकती है। साथ ही प्रदेश संगठन में नई नियुक्तियों और प्रदेश ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सांसदों के साथ करेंगे भोजन

*मुख्यमंत्री श्री साय छत्तीसगढ़ के सांसदों से भी रात्रि में मुलाकात करेंगे और उनको भोज देंगे। एक बार फिर से ऐसा आयोजन किया जा रहा है। अभी सभी सांसद दिल्ली में ही हैं।*

### मोदी और शाह से मुलाकात संभव

*श्री साय के दिल्ली दौरे का अब तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री श्री साय दिल्ली दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के विकास और नक्सल मोर्चे पर आगामी रणनीति पर विचार किया जा सकता है।*

## शिव मंदिर के लिए थाईलैंड और कंबोडिया में चल रहे तोप-गोले



**सुरिन थाईलैंड।** 11वीं सदी का प्रीह विहिहर मंदिर थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध की वजह बना हुआ है। इस मंदिर में आज भी शिवलिंग है जो इस मंदिर का केंद्र है। इस मंदिर को 11वीं सदी में खमेर सम्राट सूर्यवर्मन ने भगवान शिव के लिए बनवाया था लेकिन अब इस मंदिर पर अपनी-अपनी दावेदारी को लेकर थाईलैंड और कंबोडिया की सेनाएं, एक-दूसरे पर बड़े हमले कर रही हैं।

### क्या है युद्ध की वजह?

*11वीं सदी का प्रीह विहिहर मंदिर थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्ध की वजह बना हुआ है, ये मंदिर कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत और थाईलैंड के सिसाकेत प्रांत की सीमा पर स्थित है. 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय यानी ने फैसला दिया कि ये मंदिर कंबोडिया का है, लेकिन मंदिर के आसपास की 4.6 वर्ग किलोमीटर जमीन पर दोनों देश अपना दावा करते हैं।*

**राजस्थान में हुआ हादसा : 28 से ज्यादा घायल, 8 की हालत गंभीर**

# शिक्षकों ने नहीं सुनी छात्रों की शिकायत आखिर गिरी छत, आठ बच्चों की मौत

एजेंसी ▶▶| झालावाड़

राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक जर्जर सरकारी स्कूल के छात्रों की शिकायत को अनसुनी करने के कारण बड़ा हादसा हो गया। स्कूल की छत बारिश के कारण भरभराकर गिर पड़ी जिसमें 8 बच्चों की मौत हो गई वहीं 28 से ज्यादा घायल हो गए जिनमें 8 गंभीर हालत में अस्पताल में इलाजरत हैं। हादसा मनोहरथाना ब्लॉक में दांगीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पीपलोदी गांव में हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि वह सड़क किनारे बैठे थे तभी उन्होंने तेज धमाका सुना। उन्होंने कहा, जब उन्होंने पीछे मुड़कर देखा, तो इमारत का एक हिस्सा ढह गया था और बच्चे चीख रहे थे। वहाँ मौजूद अन्य लोग इमारत की ओर दौड़े और बच्चों को बचाने के लिए स्लैब और पत्थर हटाए और बच्चों को निकाला। हममें से कई लोग घायल छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। झालावाड़ जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर पीपलोदी गांव के सरकारी स्कूल में ▶▶| शेष पेज 7 पर



### काफी पुरानी थी स्कूल की इमारत

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की इमारत काफी पुरानी थी, जिसकी वजह से कमजोर हो गई थी। बारिश के कारण इसके गिरने का खतरा बढ़ गया था। इमारत जर्जर होने को बाद भी इसकी मरम्मत नहीं की गई।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

झालावाड़ के जिला कलेक्टर अजय सिंह के अनुसार, जिला प्रशासन ने हाल ही में शिक्षा विभाग को किसी भी जर्जर स्कूल भवन की जानकारी देने का निर्देश दिया था, लेकिन यह भवन सूची में शामिल नहीं था। सिंह ने कहा, मैं इसकी जांच करवाऊंगा और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मानवाधिकार आयोग सख्त, 5 शिक्षक निलंबित

हादसे के बाद शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल की हेडमास्टर मीना गर्ग और शिक्षकों जावेद अहमद, रामविलास लववंशी, कन्हैयालाल सुमन, और बद्रीलाल लोधा को निलंबित कर दिया। दूसरी ओर, राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला ▶▶| शेष पेज 7 पर

**ओबीसी सम्मेलन में कहा- पीएम मोदी को मीडिया ने गुब्बारा बनाकर रखा है, उनमें कोई दम नहीं**

# राहुल बोले- कांग्रेस नहीं, मेरी गलती थी जाति जनगणना न कराना, भाजपा का खुल गया रास्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि कांग्रेस पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के मुद्दों को पूरी तरह समझने और उनका समाधान करने में विफल रही, जिससे भारतीय जनता पार्टी को मौका मिल गया। राहुल ने स्वीकार किया कि उनकी पार्टी के सत्ता में रहने के दौरान जाति जनगणना नहीं कराना उनकी व्यक्तिगत गलती थी, जिसे अब सुधारने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा देश की राजनीति में 'भूकंप' लाने वाला साबित हुआ है, जिसने राजनीतिक परिदृश्य को हिला दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां कांग्रेस के 'ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा, ''मै 2004 से राजनीति कर रहा हूं। जब मैं अपना मूल्यांकन करता हूं तो पाता हूं कि कहीं अच्छा काम किया तो कहीं कमी भी रह गई...आदिवासियों, दलितों और अल्पसंख्यकों की बात हो, मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए। महिलाओं के मुद्दे पर मुझे अच्छे नंबर मिलने चाहिए लेकिन मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो एक बात स्पष्ट दिखती है कि एक चीज में कमी रह गई थी। यह एक गलती मैंने की, वह यह है कि ओबीसी वर्ग (के हितों की) रक्षा जिस तरह से करनी थी, वो मैंने नहीं की। इसका ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सभी राज्यों में कराएंगे जाति जनगणना : खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हमें हर राज्य में ताकत के साथ ऐसा करना होगा। हमें निडर होकर काम करना होगा। हमें अपनी पार्टी को मजबूत करना होगा और यह राजनीतिक सत्ता मिलने पर ही हासिल हो सकता है। हम समाज को तभी आगे ले जा सकते ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राहुल की 'विभाजनकारी व शर्मनाक' राजनीति

भाजपा आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस के 'भागीदारी न्याय महासम्मेलन' का हवाला देते हुए राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि उनकी विभाजनकारी और शर्मनाक'' राजनीति उनकी अपेक्षा से कहीं अधिक तेजी से उजागर हो रही है और उनका मुखौटा तेजी से उजागर हो रहा है।

### पीएम बस 'शो' हैं, कोई दम नहीं है- राहुल

राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान कहा, ''नरेन्द्र मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं। मीडिया वालों ने सिर्फ गुब्बारा बना रखा है। मैं उनसे मिल चुका हूं, उनके साथ कमरे में बैठा हूं। बस 'शो' हैं, कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा 21वीं सदी 'डेटा' की सदी है। मोदी जी डेटा के बारे में बोलते रहते हैं। पहले जिस देश के पास तेल होता था, उसे शक्तिशाली माना जाता था। आज का तेल डेटा है।

### ओबीसी के असली विरोधी संघ व भाजपा

राहुल गांधी ने ओबीसी समुदाय से सीधे कहा कि उनका असली विरोधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा है। राहुल ने कांग्रेस शासित तेलंगाना सरकार की जातीय जनगणना को 'तूफान' बताया और कहा कि उसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति मुइज्जू फ्रेंडशिप गिफ्ट!**

# मालदीव को भारत ने किया मालामाल, फ्री ट्रेड पर भी बात



एजेंसी ▶▶| माले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव यात्रा के दौरान मालदीव को 4,850 करोड़ की लोन सहायता प्रदान की है। दोनों देशों के बीच हुए एमओयू के तहत यह लोन सहायता दी गई है। इससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को नई ऊंचाईयां मिलेंगी। इसके साथ ही भारत और मालदीव ने मुक्त व्यापार समझौते पर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मालदीव 'पड़ोसी प्रथम' नीति में महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री ने कहा, स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर मुझे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए मैं राष्ट्रपति मुइज्जू का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। आज जारी किए गए स्मारक डाक टिकटों में दोनों देशों की पारंपरिक नौकाओं को प्रदर्शित किया गया है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

**न्यायिक हिरासत में हैं चैतन्य**

# पायलट आज जेल में चैतन्य से करेंगे मुलाकात, भूपेश नहीं होंगे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट शनिवार को रायपुर आकर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य से मुलाकात करेंगे। खास बात ये है कि इस मुलाकात के दौरान भूपेश बघेल मौजूद नहीं रहेंगे। वे इस समय दिल्ली में हैं और बाद में पंजाब के दौरे पर जाने वाले हैं। वहीं, श्री पायलट के साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, सह प्रभारी जरिता लैफलांग और विजय जांगिड भी चैतन्य से मुलाकात करने जेल जाएंगे। सचिन पायलट के रायपुर आने और खास तौर ▶▶| शेष पेज 7 पर



### महंत, जैरिता और जांगिड़ भी होंगे साथ

चैतन्य से पायलट की मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत, एआईसीसी की सचिव व प्रदेश की सह प्रभारी, जरिता लैफलांग, सह प्रभारी विजय जांगिड़ भी शामिल होंगे। इन सभी नेताओं की चैतन्य से मुलाकात के पीछे यह संदेश भी है कि प्रदेश के नेता डा. महंत के ▶▶| शेष पेज 7 पर




### उमा कांजीलाल इग्नू की पहली महिला कुलपति नियुक्त

**नई दिल्ली।** उमा कांजीलाल को इग्नू का कुलपति नियुक्त किया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की स्थापना के चार दशक बाद पहली बार किसी महिला को कुलपति बनाया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा वह वर्तमान में विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत थीं।



### डिलिवरी एजेंट बनकर 20 लाख के गहने लूट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के बृज विहार इलाके में दिनदहाड़े आभूषणों की एक दुकान में खुद को ऑनलाइन डिलिवरी एजेंट बताकर घुसे दो सशस्त्र व्यक्तियों ने 20 किलोग्राम चांदी और 125 ग्राम सोने के आभूषण लूट लिए जिनकी कीमत 20 लाख से अधिक है। उन्होंने ब्लिंकइट और स्विगी कंपनी की वर्दी पहनी रखी थी जिससे कोई उन पर शक ना करे। पुलिस ने बताया कि घटना लिंक रोड पुलिस थाना अंतर्गत 'मानसी ज्वैलर्स' में घटी। दो अज्ञात बदमाशों ने मानसी ज्वैलर्स के स्टोर से 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण लूटे हैं।



# कोपरा स्कूल में मिला पुतला, नींबू-मिर्च मरा चमगादड़, बच्चे दहशत में लौटे घर

## हरेली की रात असामाजिक तत्वों ने की शरारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



हरेली त्योहार की छुट्टी के बाद शुक्रवार को जब गरियाबंद जिले के कोपरा नगर पंचायत स्थित शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला बालक के बच्चे स्कूल पहुंचे, तो वहां का नजारा देख वे दहशत में आ गए। स्कूल गेट के बाहर रखा मिट्टी का पुतला, लाल चूड़ियां, नींबू-मिर्च और दीवारों पर बने डरावने चित्रों को देखकर कई बच्चे रोते हुए घर लौट गए। इस घटना की सूचना पाण्डुक थाने में दे दी गई है।

स्कूल गेट के बाहर एक मिट्टी का पुतला पड़ा था, जिसमें आलपिन चुभे हुए थे। साथ ही लाल चूड़ियां, कटे नींबू और लाल मिर्च भी वहां बिखरी पड़ी थीं। स्कूल की दीवारों पर डरावने चित्र बनाए गए थे। अंदर की दीवारें गोबर और मिट्टी से सनी हुई थीं। शिक्षक सेवा राम साहू, माधुरी चक्रधारी, और नीलकंठ बघेल मीणा माहड़ीक ने बताया कि इन सब को देखकर बच्चे बुरी तरह घबरा गए। स्कूल में 107 बच्चों का नामांकन है। लेकिन उस दिन केवल 82 बच्चे ही रुके, बाकी डर के मारे घर वापस चले गए। कक्षा 8वीं के छात्र वैभव पटेल और चंदन तारक ने पुतले और अन्य सामान को बाहर फेंका। परिसर में संचालित प्राथमिक शाला बालक स्कूल के सामने एक मरा हुआ चमगादड़ भी मिला। स्कूल के भीतर अजीबोगरीब पदचिह्न दिखाई दिए। शिक्षक मोहम्मद जुबेर, प्रधान पाठक चंपा बंछोर, रोहिणी निषाद, उत्तम साहू और अन्य स्टाफ ने बताया कि गेट और खिड़कियां बंद होने के बावजूद अंदर किसी के पैरों जैसे निशान बने हुए थे।



### स्कूल बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

स्टाफ ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल परिसर में शाम होते ही शरारती तत्वों का अड्डा बन जाता है। परिसर में शराब की बोतलें और डिस्पोजल अक्सर फैले रहते हैं। कई बार चोरी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। देर रात तक मनचलों और शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है।

### सीसीटीवी और चौकीदार की मांग

फिलहाल शिक्षक बच्चों को समझाकर पढ़ाई करा रहे हैं, लेकिन डर का माहौल अब भी कायम है। स्थानीय लोगों ने स्कूल में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी और चौकीदार की मांग की है।

# बैज का मोदी को पत्र, बैस, रमन, कंवर या धरम को बनाए उपराष्ट्रपति, भाजपा ने कहा-बाहरी से सुझाव नहीं चाहिए

**कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं रमेश बैस, डॉ. रमन सिंह, ननकी राम कंवर, धरमलाल कौशिक में से किसी एक नेता को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस पत्र के जवाब में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, भाजपा में योग्य लोग है, बाहरी के सुझाव की जरूरत नहीं है। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, पत्र से साफ लग रहा है कि कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिलने वाला। कांग्रेस पश्चाताप के मूड में भी दिख रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उपराष्ट्रपति पद से जगदीश धनखड़ के इस्तीफा देने के बाद देश में उपराष्ट्रपति पद को लेकर भाजपा की कवायद चल रही है। इस बीच कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के किसी वरिष्ठ नेता को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की मांग कर दी है। श्री बैज ने अपने पत्र में लिखा है- 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार जब बनी उस वक्त छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा क्षेत्र में से 10 भाजपा के सांसद जीते। इसी प्रकार 2019 में 9 सीट और 2024 के आम चुनाव में 10 सीट भारतीय जनता पार्टी ने जीतकर अपने सांसद, संसद भवन भेजे गए। श्री बैज ने कहा, इतना होने के बाद भी छत्तीसगढ़ के लिए यह पीड़ा का विषय है कि तीनों कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को केवल राज्य मंत्री का ही प्रतिनिधित्व मिला है। भाजपा को अपने काबिल नेताओं को उपराष्ट्रपति पद तक भेजना चाहिए।

## डॉ. रमन सिंह बोले- भाजपा में काफी योग्य लोग







### छत्तीसगढ़ में भाजपा के कई काबिल नेता

श्री बैज का कहना है, छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास कई काबिल नेता हैं। इसमें सात बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री, तीन राज्यों के राज्यपाल रहे रमेश बैस, तीन बार मुख्यमंत्री रहने वाले इस समय विधानसभा अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे डॉ. रमन सिंह, वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकी राम कंवर के साथ धरमलाल कौशिक हैं। इसमें से किसी एक को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना चाहिए।

### रमन बोले- बाहरी आदमी को सुझाव देने की जरुरत नहीं

बैज के पत्र पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने कहा- बैज अपनी पार्टी संभाल नहीं पा रहे हैं, उनकी हालात क्या पहले देख लें। भाजपा की चिंता करने वाले बहुत है। भाजपा में योग्य लोगों की ऐसी पीढ़ी है जो काम कर रही है। बाहरी आदमी को सुझाव देने की जरूरत नहीं है। प्रदेश की इकाई को ठीक से चला लें। जब वे कहीं जाते है कोई विधायक नहीं रहता। पहले उसकी चिंता दीपक बैज करें। डा. रमन ने कहा, जिसका शुभचिंतक दीपक हो उसका बंटाधार होगा।

### बैज कब से भाजपा के शुभचिंतक हो गए: नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, श्री बैज कब से भाजपा के शुभचिंतक हो गए हैं। उनके चिंता करने, पत्र लिखने से क्या हो जाएगा। हमारे यहां नेताओं की कमी नहीं है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष इस पर निर्णय लेंगे। श्री नेताम ने कहा, श्री बैज के पत्र से लगता है कांग्रेस अपना कैंडिडेट नहीं उतारने वाली। कांग्रेस ने पहले से तय कर लिए एनडीए के पक्ष में समर्थन करेंगे। श्री नेताम ने कहा, कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू का भी समर्थन नहीं किया था। श्री बैज के पत्र से लगता है कांग्रेस सरेंडर कर चुकी है।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष ने डीएमएफ पर उठाए सवाल

## रवि भगत का सोशल मीडिया में वायरल हुआ वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने खास तौर पर जिला खनिज न्यास यानी डीएमएफ मद के दुरुपयोग को लेकर खुलकर नाराजगी जताई।

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में रवि भगत सीधे तौर पर सरकार से मांग करते दिख रहे हैं। उन्होंने एक गीत के माध्यम से शुरुआत करते कहा कि डीएमएफ के पैसा ल देदो सरकार एकर बदला म उजड़ गए हमर गांव गली, खेत खार। उनकी यह दो टूक टिप्पणी न सिर्फ पीड़ा की झलक देती है, बल्कि यह भी साफ करती है कि खनिज क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को मुआवजे और विकास के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला है। रवि भगत ने यह भी कहा कि जिन गांवों में खदानें संचालित हैं, वहां लोग धूल और बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का आज तक अभाव है। हमर गांव उजड़ गए, लेकिन सरकार ने अब तक मदद के नाम पर कुछ ठोस नहीं किया।

### कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

राज्य में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इस तरह की सार्वजनिक टिप्पणी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने से पहले रवि भगत ने फेसबुक में पोस्ट भी लिखा था। जिसके बाद से कांग्रेस रवि भगत के बयान को आधार मानकर सरकार को घेर रही है। वीडियो वायरल मामले में भी कांग्रेस के पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने कहा है सरकार लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी कर रही है।

### क्या है डीएमएफ

बता दें डीएमएफ खनन प्रभावित क्षेत्रों के सतत विकास और पुनर्वास के लिए बनाया गया फंड है। खनिज कंपनियों से वसूले गए पैसे को प्रभावित गांवों में स्कूल, अस्पताल, सड़क, पेयजल, रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं पर खर्च किया जाना चाहिए।

# क्या आप नहीं चाहते कि विकसित एयरपोर्ट बने, खत्म कर देंगे दोनों जनहित याचिका

## सचिव रक्षा मंत्रालय से हलफनामा में जवाब मांगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास को लेकर दायर दो जनहित याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच एयरपोर्ट के विकास में की जा रही लेटलतीफी को लेकर जमकर नाराज हुई। नाराज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत से यहां तक कह दिया कि आप स्टेटमेंट दे दीजिए कि हमसे कुछ नहीं हो पाएगा। हम दोनों पीआईएल को खत्म कर देंगे। हाईकोर्ट ने मामले में केंद्र के रक्षा मंत्रालय के सचिव से और राज्य के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर जवाब मांगा है। एयरपोर्ट के विकास को लेकर हवाई सेवा समिति के साथ ही अधिवक्ता संदीप दुबे द्वारा दायर याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की नाराजगी साफ नजर आई।

### छत्तीसगढ़ और दिल्ली में आपकी सरकार

नाराज चीफ जस्टिस ने सीधे महाधिवक्ता से पूछा कि एजी साहब यह सब क्या हो रहा है। छत्तीसगढ़ और दिल्ली में आपकी सरकार है। इसके बाद ये हाल है। चीफ जस्टिस की नाराजगी बढ़ते देख महाधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष फोटोग्राफ्स रखते हुए बताया कि एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग का काम चल रहा है। फोटोग्राफ्स देखते ही चीफ जस्टिस और नाराज हो गए। चीफ जस्टिस ने कहा कि आप खुद ही देखिए, क्या दिख रहा है। एक गाड़ी खड़ी है और पीछे कुछ लोग। काम कहां चल रहा है। यह तो इसमें दिख ही नहीं रहा है।

### शासन स्टेटस रिपोर्ट दे

राज्य शासन को निर्देशित किया गया है कि वह इस संबंध में विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करे। मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है।




रायपुर
शनिवार, 26 जुलाई 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष: 24, अंक: 10
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 27.6
न्यून. 25.3



## प्रदेश में होगा इस बार 12 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

# सोने-चांदी से सजेंगी कलाइयां, पर इस बार थोड़ी महंगी, 300 से एक लाख रुपए तक की राखियां आ रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रक्षा बंधन के लिए राखियों का बाजार राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में सजने लगा है। एक तरफ जहां गरीब और मध्य वर्ग कम कीमत वाली सामान्य राखियों की खरीदारी करता है, वहीं अमीर वर्ग में सोने और चांदी की राखियों का ज्यादा क्रेज है। अपने प्रदेश में हर साल सोने और चांदियों की राखियों का बड़ा कारोबार होता है। बीते साल प्रदेश में करीब 10 करोड़ का कारोबार हुआ था, इस बार इसमें 20 से 25 फीसदी का इजाफा होने का अनुमान है। यानी इस बार 12 करोड़ से ज्यादा का कारोबार संभावित है। ऐसा इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि चांदी और सोना के दाम इस बार रिकार्ड ऊंचाई पर हैं।

सामान्य राखियां जहां महज दस रुपए से प्रारंभ हो जाती हैं, वहीं फैंसी राखियों की कीमत 50 रुपए से 200 तक रहती है, लेकिन जहां तक चांदी की राखियों का सवाल है, तो इसकी कीमत 300 सौ रुपए से प्रारंभ होती है, जो पांच हजार तक रहती है। वैसे चांदी में इससे ज्यादा कीमत की भी राखियां आती हैं, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गुजरात-महाराष्ट्र से आती हैं

सोने और चांदी की राखियां अपने प्रदेश में नहीं बनती हैं। ये ज्यादातर राजकोट और सूरत गुजरात से आती हैं। इसी के साथ मुंबई से भी सोने और चांदी की राखियां बनकर आती हैं। सोने और चांदी की राखियां सबसे ज्यादा राजकोट में बनती हैं। यहीं से पूरे देश में इसको भेजा जाता है। छग में भी राजकोट से ज्यादातर सोने और चांदी की राखियों सराफा के थोक कारोबारियों के यहां आती हैं, यहां से चिल्हर कारोबारी लेकर जाते हैं। छत्तीसगढ़ से ही ओडिशा और विदर्भ के भी चिल्हर कारोबारी सोने और चांदी की राखियां लेकर जाते हैं।



### बीते साल से ज्यादा होगा कारोबार

अपने राज्य में सोने और चांदी की राखियों का बड़ा कारोबार होता है। इस बार बीते साल से 20 से 25 फीसदी ज्यादा कारोबार की उम्मीद है।

- लक्ष्मी नारायण लाहोटी
सराफा कारोबारी

### बीते साल से दाम ज्यादा

बीते साल से इस साल सोने और चांदी की राखियों के दाम ज्यादा हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि इस साल सोने और चांदी की कीमत एक लाख से ज्यादा हो गई है। कारोबारियों का कहना है कि वैसे सोने और चांदी की राखियों में वजन का ज्यादा महत्व नहीं रहता है, लेकिन जो ग्राहक अपने हिसाब से ज्यादा वजन वाली राखी चाहेंगे तो उनको बीते साल से कीमत ज्यादा देनी पड़ेगी। अगर कोई ग्राहक इस बार सोने की एक तोले की राखी चाहेगा तो उसको इसकी कीमत एक लाख से ज्यादा देनी होगी। इसी तरह से चांदी में भी दस ग्राम की राखी की कीमत बीते साल से ज्यादा रहेगी। बीते साल चांदी की कीमत 70 हजार के आस-पास थी तो दस ग्राम चांदी की राखी 800 से 900 रुपए में मिल जा रही थी। इस बार कीमत दस ग्राम चांदी की कीमत ही 12 सौ रुपए है तो इतने ग्राम की चांदी की राखी 14 से 15 सौ रुपए की मिलेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जलगांव से 50 करोड़ की ड्रग्स सहित तीन गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में पुलिस ने एक कार से 50 करोड़ रुपये मूल्य का 39 किलोग्राम 'एम्फेटामाइन' नामक मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि इस जब्ती और एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के साथ कथित सांठ-गांठ के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### एलओसी के पास विस्फोट में एक जवान शहीद, दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी के निकट बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैन्यकर्मी अग्निवीर ललित कुमार की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी रैंक ने 7 जाट रेजिमेंट के अग्निवीर ललित कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कई मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में हंगामा, कार्रवाई सुचारू चलाने हुई सर्वदलीय बैठक

# राज्यसभा में नहीं, लोकसभा में ही आएगा कैश कांड में फंसे जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया। इसके बजाय, अब इस मामले की कार्रवाई लोकसभा में सरकार द्वारा प्रायोजित प्रस्ताव के माध्यम से आगे बढ़ेगी। सूत्रों के अनुसार, 63 विपक्षी सांसदों ने 21 जुलाई 2025 को राज्यसभा के सभापति और तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की नोटिस दी थी। इस नोटिस पर कांग्रेस, सीपीएम, और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों के हस्ताक्षर थे। हालांकि, यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से राज्यसभा में पेश नहीं हुआ और इसे एडमिट नहीं किया गया था। सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव आया था लेकिन इसे कभी भी औपचारिक जामा नहीं पहनाया जा सका था। संसदीय कार्यसूची में सूचीबद्ध नहीं किया गया था। तालिका में नहीं रखा गया था, इसलिए इसे रद्द करने का सवाल ही नहीं उठता।

### विपक्ष ने एसआईआर लिखे पोस्टर फाड़े

संसद के मानसून सत्र के पांचवें दिन विपक्ष ने बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा से लेकर मकर द्वार नए संसद भवन का एंट्री गेट तक पैदल मार्च निकाला। इसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य विपक्षी नेता भी शामिल हुए। मकर द्वार पहुंचने पर राहुल-प्रियंका सहित विपक्ष के सांसदों ने एसआईआर लिखे पोस्टर फाड़े। उन्हें प्रतीकात्मक डस्टबिन में डाला। साथ ही मोदी सरकार हाय-हाय के नारे लगाए।

### ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में 16-16 घंटे का विशेष बहस सत्र आयोजित किया जाएगा




### ऑपरेशन सिंदूर पर 28 को होगी चर्चा

अगले हफ्ते राज्यसभा और लोकसभा दोनों में 16-16 घंटे का विशेष बहस सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम हमले पर चर्चा होगी। लोकसभा में बहस का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चर्चा में शामिल हो सकते हैं। रिजिजू ने कहा, इस बात पर सहमति बनी है कि पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा होगी। सभी दलों ने सहमति व्यक्त की है कि हम सोमवार को सदन को अच्छे से चलाएंगे।'

### संसद में नहीं होगा हंगामा

संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार को 5वां दिन रहा, लेकिन विपक्ष बिहार में एसआईआर समेत कई मुद्दों को लेकर लगातार हंगामा कर रहा है। इस वजह से लगातार संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी है। इसे लेकर आज स्पीकर ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इसमें सहमति बनी कि 28 जुलाई से सदन सुचारू रूप से चलाया जाएगा। रिजिजू ने भी विपक्ष से कार्यवाही बाधित नहीं करने का आग्रह किया।

**145 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के अनुसार, लोकसभा में प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह मामला राज्यसभा में जाएगा। इस नोटिस पर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के 145 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। अब लोकसभा में सरकार खुद महाभियोग प्रस्ताव पेश करेगी।

**लोकसभा अध्यक्ष करेंगे समिति का गठन :** इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला न्यायाधीश वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक समिति का गठन करेंगे। समिति जांच रिपोर्ट सदन को देगी और पुख्ता सबूत मिलने पर उनके खिलाफ महाभियोग की सिफारिश की जा सकती है। रीजीजू ने कहा हमें किसी भी भ्रम में नहीं रहना चाहिए, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने की कार्यवाही शीघ्र शुरू होगी।

## फार्मासिस्ट भर्ती में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# बी. फार्मा और उच्च डिग्रीधारी अभ्यर्थी भी माने जाएंगे पात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि केवल डिप्लोमा धारकों को ही पात्र बताना गलत है। हाईकोर्ट ने बी.फार्मा और इससे उच्च डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को भी इस भर्ती प्रक्रिया में पात्र माना है। यह आदेश केवल याचिकाकर्ताओं तक सीमित न रहकर सभी योग्य उम्मीदवारों पर लागू होगा। छत्तीसगढ़ व्यापमं परीक्षा के माध्यम से फार्मासिस्ट (ग्रेड-2) पदों पर भर्ती अहर्ता में डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किए जाने को लेकर लगाई ▶▶|शेष पेज 7 पर

- कोर्ट ने कहा- विज्ञापन में केवल डिप्लोमा धारकों को ही पात्र बताना गलत

### उच्च शिक्षा प्राप्त को अयोग्य बताना अन्यायपूर्ण

याचिका में कहा गया कि बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्मा) अथवा उससे उच्च डिग्री धारकों को जो फार्मेसी काउंसिल में विधिवत पंजीकृत हैं, आवेदन करने से वंचित कर दिया गया था। मामले में अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिया ने पैरवी की और अदालत को बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों को अयोग्य बताना अन्यायपूर्ण है। कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। हाईकोर्ट के इस आदेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

### आदेश व्यक्तिगत न होकर सार्वत्रिक रूप से लागू होगा

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश व्यक्तिगत न होकर सार्वत्रिक रूप से लागू होगा और ऐसे सभी अभ्यर्थियों पर समान रूप से लागू होगा, जिनके पास फार्मेसी में डिग्री है और जो विज्ञापन में वर्णित अन्य आवश्यक योग्यताएं पूर्ण करते हैं। साथ ही, न्यायालय ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि वह इस आदेश की जानकारी सीजी व्यापम सहित सभी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाए। राज्य की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन.भारत ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट ने राज्य शासन को निर्देशित किया गया है कि इस आदेश की सूचना अखबारों, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित करें, ताकि कोई भी योग्य अभ्यर्थी इससे वंचित न रहे।



सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला जारी की गाइडलाइन

# स्कूल-कालेजों में मनोवैज्ञानिक, काउंसलर नियुक्त करना अनिवार्य

**विशाखापत्तनम में हुई छात्रा की मौत के मामले में दिया निर्णय**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम को लेकर देशव्यापी दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनका पालन सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्विद्यालयों, होस्टल और कोचिंग संस्थानों को करना होगा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा है कि जब तक सरकार अपनी तरफ से उपयुक्त नियम नहीं बना लेती, तब तक यह दिशानिर्देश जारी रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 14 जुलाई 2023 को हुई छात्रा की मौत के मामले में लिया है। नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) की तैयारी कर रही छात्रा की मौत कोचिंग संस्थान की बालकनी से गिरने से हुई थी। उसके पिता ने पुलिस की जांच में कमियां गिनाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### 2 महीने के भीतर नियम बनाकर करें लागू

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वह 2 महीने के भीतर निजी कोचिंग केंद्रों के रजिस्ट्रेशन और उनमें छात्रों की सुरक्षा से जुड़े विषयों और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल की व्यवस्था के नियम बनाकर लागू करें। जिले के डीएम यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट की तरफ से जारी निर्देशों का पालन हो। इसके लिए वह निगरानी समितियों का गठन करें। केंद्र सरकार 90 दिनों के भीतर हलफनामा दाखिल कर बताए कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पालन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

### कोर्ट ने 15 दिशानिर्देश किए जारी

1. सभी शैक्षणिक संस्थान सरकार की तरफ से दिशानिर्देशों के मुताबिक मानसिक स्वास्थ्य नीति बनाएं। इस नीति की वार्षिक समीक्षा हो और इसे सभी के लिए सुलभ रखा जाए।
2. 100 से अधिक छात्रों वाले संस्थान अनिवार्य रूप से योग्य मनोवैज्ञानिक, मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल या काउंसिलर को नियुक्त करें, जो छात्रों की सहायता कर सके। कम छात्रों वाले संस्थान जरूरत के मुताबिक बाहरी प्रोफेशनल के पास छात्रों को भेजें।
3. छात्र और काउंसिल का अनुपात संतुलित रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों की संख्या के मुताबिक मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल संस्थान में हो। परीक्षा या दूसरे तनाव के मौकों पर छात्रों की सहायता के लिए मार्गदर्शक नियुक्त किए जाएं।
4. बच्चों को एक साथ पढ़ने दें। उन्हें टॉपर या रिपीटर जैसे ग्रुप में न बाटें, क्योंकि इस तरह का वर्गीकरण बच्चों को बेवजह मानसिक दबाव में डालता है।
5. आपातकालीन स्थितियों के लिए लिखित प्रोटोकॉल बनाएं। ऐसी स्थिति में बच्चों को तत्काल मानसिक स्वास्थ्य प्रोफेशनल के पास भेजने की व्यवस्था हो. आत्महत्या की भावना से उबरने में सहायता करने वाला सुसाइड हेल्पलाइन नंबर शैक्षणिक संस्थान और होस्टल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए।
6. शिक्षकों और कर्मचारियों को साल में 2 बार खराब मानसिक दशा की पहचान, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी प्राथमिक सहायता और खुद को चोट पहुंचा रहे बच्चे की मदद के लिए जरूरी कदम उठाने जैसी बातों का प्रशिक्षण दिया जाए।
7. कर्मचारियों को कमजोर आर्थिक/सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के प्रति संवेदनशील बनाया जाए। ऐसे छात्रों से सम्मानपूर्वक पेश आया जाए। व्यक्तिगत जीवन में किसी संकट का सामना कर रहे छात्रों से सहानुभूति भरा आचरण किया जाए।
8. बच्चों को उत्पीड़न से बचाने के लिए शिकायत की गोपनीय व्यवस्था बनाई जाए। उसमें आने वाली शिकायतों पर उचित कार्रवाई हो। छात्रों को परेशान करने, रैगिंग, यौन उत्पीड़न, धौंस जमाने या भेदभाव करने के प्रति सख्त रवैया अपनाया जाए। शिकायत करने वाले छात्र के साथ अगर कोई बदले की कार्रवाई करता है तो उसे बिल्कुल बर्दाश्त न किया जाए, बल्कि कठोरतम कदम उठाए जाए।
9. छात्रों के माता-पिता या अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर नियमित रूप से जागरूक किया जाए। उन्हें समझाया जाए कि बच्चों पर मानसिक दबाव बनाना गलत है।
10. छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और उससे जुड़ी गतिविधियों पर शैक्षणिक संस्थान वार्षिक रिपोर्ट तैयार करे। इसे राज्य शिक्षा विभाग, यूजीसी, एआईसीटीई, सीबीएसई जैसी नियामक संस्थाओं को भेजा जाए।
11. खेल और कला जैसी पढ़ाई से परे की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। बच्चों से पढ़ाई का दबाव कम किया जाए।
12. बच्चे तनाव और दबाव से मुक्त होकर सही करियर चुन सकें, इसके लिए उन्हें करियर काउंसिलिंग उपलब्ध करवाई जाए।
13. आवासीय शिक्षण संस्थान यह सुनिश्चित करे कि उनका परिसर उत्पीड़न, मारपीट, धमकी, ड्रग्स या दूसरी बुराइयों से मुक्त हो।
14. आवासीय संस्थानों में सुरक्षित पंखे और दूसरे उपकरण लगाए जाएं। बच्चों को छत और दूसरी असुरक्षित जगहों में जाने से रोका जाए। इससे बच्चों के अचानक आवेग में आ कर खुद को नुकसान पहुंचाने से बचाव हो सकेगा
15. कोटा, जयपुर, हैदराबाद, दिल्ली समेत कई शहरों में बड़ी संख्या में बाहर से छात्र पढ़ाई या परीक्षा की तैयारी के लिए आते हैं। वहां शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन विशेष दायित्व निभाए। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी की जाए। उन्हें आत्महत्या जैसी स्थिति से बचाने के लिए विशेष सजगता बरती जाए।

---

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा सांसद बने कमल हासन, ली शपथ



नई दिल्ली। मशहूर अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम के नेता कमल हासन ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेकर अपने सियासी सफर की नई शुरुआत की। कमल हासन ने संसद भवन में तमिल भाषा में शपथ ली। यह उनके लिए एक बड़ा मौका है, क्योंकि 2018 में अपनी पार्टी शुरू करने के बाद यह उनका संसद में पहला आधिकारिक रोल है। कमल हासन की राज्यसभा में एंट्री तमिलनाडु में सियासी समीकरणों का हिस्सा मानी जा रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर अभी भी चल रहा है : सीडीएस

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को तबाह करके जो पराक्रम दिखाया है, उसकी लोहा पूरी दुनिया मान रही है। भले ही भारत पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव थम गया है और सीजफायर की स्थिति है लेकिन चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और आतंक का सफाया जड़ से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा टॉप लेवल की सैन्य तैयारी करनी चाहिए।



### तहव्वुर राणा : तिहाड़ जेल प्रशासन से मांगा जवाब

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की ओर से दायर परिवार से नियमित रूप से बातचीत की याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत ने मामले के संबंध में तिहाड़ जेल के अधीक्षक से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। साथ ही मामले की अगली सुनवाई एक अगस्त को तय की है। जेल प्रशासन ने अदालत को बताया कि राणा को बैरक में बिस्तर और गद्दा मुहैया करा दिया गया है।

---

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैंक्रों ने दी जानकारी, सितंबर में करेंगे ऐलान

# फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश की मान्यता देगा फ्रांस, अमेरिका-इजरायल ने जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ पेरिस/वॉशिंगटन/गाजा

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को ऐलान किया कि फ्रांस जल्द ही फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर मान्यता देगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी तस्दीक की। उनकी इस घोषणा पर इजरायल और अमेरिका ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मैक्रों ने एक्स पोस्ट में बताया कि सितंबर में वो संयुक्त राष्ट्र महासभा की औपचारिक बैठक में फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देंगे। वहीं सउदी अरब सहित कई यूरोपीय देशों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के फैसले की तारीफ की है। स्पेन ने तो खुलकर दो राष्ट्र के सिद्धांत को अपना समर्थन दिया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने लिखा, 'मध्य पूर्व में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए अपनी ऐतिहासिक प्रतिबद्धता के तहत, मैंने फैसला किया है कि फ्रांस फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। मैं सितंबर माह में इसकी औपचारिक घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा में करूंगा।'

### स्पेन सहित कई यूरोपीय देशों ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के फैसले का किया समर्थन



### इजराइल बोला- यह 'आतंक को पुरस्कृत करने वाला कदम

इस घोषणा से इजरायल में तीखी प्रतिक्रिया हुई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'आतंक को पुरस्कृत करने वाला' कदम बताया और कहा कि यह इजरायल के लिए खतरा है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'यह फैसला आतंकवाद को इनाम देने जैसा है और यह गाजा जैसे एक और ईरानी समर्थित प्रॉक्सी को जन्म देगा। ऐसी स्थिति में एक फिलिस्तीनी राष्ट्र, इजरायल के साथ शांति से नहीं, बल्कि उसे मिटाने के लिए इस्तेमाल होगा।'

### शांति बाधित करने वाला यह लापरवाह निर्णय अमेरिका

अमेरिका के विदेश मंत्री (स्टेट ऑफ सेक्रेटरी) मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अमेरिका संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने की इमैनुएल मैक्रों की योजना को दृढ़ता से खारिज करता है। यह लापरवाह निर्णय केवल हमास के प्रॉपगेंडा को बढ़ावा देता है और शांति को बाधित करता है। यह 7 अक्टूबर के पीड़ितों के चेहरे पर एक तमाचा है।' मैक्रों का यह कदम फ्रांस को पहला प्रमुख पश्चिमी देश बनाएगा जो फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। फ्रांस में यूरोप की सबसे बड़ी यहूदी और मुस्लिम आबादी रहती है। वर्तमान में 142 देश फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दे चुके हैं या देने की योजना बना रहे हैं।

### फिलिस्तीन ने किया फैसले का स्वागत

*गाजा युद्ध, जो 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले से शुरू हुआ, के बाद कई देशों ने इस दिशा में कदम उठाए हैं। फिलिस्तीन ने फ्रांस के इस कदम का स्वागत किया है। पीएलओ के उपाध्यक्ष हुसैन अल-शीख ने कहा, 'हम मैक्रों के इस निर्णय की सराहना करते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून और फिलिस्तीनी जनता के अधिकार के प्रति फ्रांस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' मैक्रों ने कहा कि गाजा में युद्ध को समाप्त करना और नागरिकों की मदद करना आज की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। गाजा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है, जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भुखमरी को 'मानव-निर्मित' बताया है।*

### स्पेन ने किया फ्रांस का समर्थन

*फ्रांस ने इसकी जिम्मेदारी इजरायली नाकेबंदी को दी, जिसे इजरायल ने खारिज किया। मैक्रों ने दो-राष्ट्र समाधान को बढ़ावा देने की बात कही, जिसमें फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता और इजरायल की सुरक्षा दोनों शामिल हैं। स्पेन, नॉर्वे, आयरलैंड और स्लोवेनिया ने भी गाजा युद्ध के बाद फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दी है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैक्रों के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि दो-राष्ट्र समाधान ही एकमात्र रास्ता है।*

---

विरोध के बावजूद चुनाव आयोग का ऐलान

# अब पूरे देश में होगा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम




**जल्द जारी हो सकता है इसका शेड्यूल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में किए जा रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विपक्ष द्वारा संसद से लेकर सड़क तक विरोध किया जा रहा है। भारी विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि देशभर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम अब शुरू करने का फैसला किया गया है और जल्द ही इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने बीती 24 जून को ही इस संबंध में आदेश जारी कर दिया था और कहा था कि संवैधानिक कर्तव्य के तहत और मतदाता सूची की अखंडता और सुरक्षा के लिए यह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम किया जाएगा। अब चुनाव आयोग ने उसकी शुरुआत कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मतदाता सूची की अखंडता को बनाए रखना निष्पक्ष और मुक्त चुनाव के लिए आधारभूत जरूरत है। जनप्रतिनिधि कानून, 1950 और रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टोरल रूल्स, 1960 के तहत योग्यता, मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया और तरीके की जानकारी दी गई है।

### एसआईआर पर क्यों हो रहा विवाद?

पिछले महीने 24 जून को निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश दिया था। यह 25 जून से 26 जुलाई 2025 के बीच होना है। चुनाव आयोग का कहना है कि मतदाता सूची में फर्जी, अयोग्य और दो जगहों पर पंजीकृत मतदाताओं को हटाने के उद्देश्य से पुनरीक्षण किया जा रहा है। वहीं विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि चुनाव आयोग इस विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए पिछले दरवाजे से लोगों की नागरिकता की जांच कर रहा है। साथ ही विपक्ष का आरोप है कि इसकी आड़ में बड़े पैमाने पर लोगों से मतदान का अधिकार छीना जा सकता है। हालांकि, चुनाव आयोग ने आश्वासन दिया है कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं होगा कि उसकी नागरिकता समाप्त हो गई है।

---

# केंद्र सरकार की बड़ी कार्रवाई, आल्ट से उल्लू तक 25 ओटीटी ऐप्स पर बैन

एजेंसी ▶▶ जयपुर

केंद्र सरकार ने उल्लू, आल्ट समेत 25 ओटीटी ऐप्स को तत्काल प्रभाव से बैन करने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इन ऐप्स के जरिए अश्लील कंटेंट परोसे जाने पर इंटरनेट सेवाएं प्रोवाइडर्स को निर्देश दिए हैं कि देशभर में इस तरह का कंटेंट दिखाने वाली 25 वेबसाइटों को तुरंत ब्लॉक करे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 25 ऐसी ऐप्स की पहचान की है, जो अश्लील कंटेंट समेत आपत्तिजनक विज्ञापनों को दिखाती हैं।

**आदेश का उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई :** इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को सरकारी आदेश की कॉपी भेजकर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। अगर किसी इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर ने सरकार के आदेश का उल्लंघन किया तो IT एक्ट की धारा 79(1) के तहत उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 25 ऐप्स बैन करने की कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (आईटी एक्ट 2000) और आईटी अधिनियम 2021 (इंटरनमिडिएरी गाइडलाइन्स एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) के तहत की गई है। बैन के आदेश के बाद गूगल और एप्पल को अपने ऑनलाइन स्टोरों से इन ऐप्स को हटाना होगा। प्ले स्टोर और ऐप स्टोर से ऐप्स को हटाया जाएगा। वेबसाइटों के यूआरएल ब्लॉक कर दिए जाएंगे।

### इन ऐप्स पर गिरी सरकार की गाज

इन ऐप्स पर अश्लील और बोल्ड कंटेंट परोसने का आरोप है। सरकार ने जिन ओटीटी ऐप्स और उनकी वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। उन पर गैरकानूनी और अश्लील कंटेंट प्रसारित किया जा रहा था। बैन ऐप्स में बिग शॉट्स, देसी फ्लिक्स, बूमेक्स, नवरस लाइट, गुलाब ऐप, कंगन ऐप, बुल ऐप, जलवा ऐप, वाव एंटरटेनमेंट, लुक एंटरटेनमेंट, हिटप्राइम, फेनियो, शोएक्स, सोल टॉकीज, अड्डा टीवी, हॉटएक्स वीआईपी, हलचल ऐप, मूडएक्स, नियोनएक्स वीआईपी, फ्यूगी, मोजफ्लिक्स और ट्राइफ्लिक्स भी शामिल हैं।

---

**18 मिनट हवा में रहने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग**

# आसमान में खुला एयर इंडिया का कार्गो गेट, मची अफरातफरी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में जयपुर एयरपोर्ट से शुक्रवार को एक एयर इंडिया फ्लाइट ने उड़ान भरी थी। इसके बाद पायलट को प्लेन का कार्गो गेट खुला रह जाने की जानकारी मिली, जिसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। पायलट ने तुरंत इसकी सूचना एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी। करीब 18 मिनट हवा में रहने के बाद फ्लाइट की एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। फ्लाइट के इंजन में भी कुछ तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-612 शुक्रवार दोपहर जयपुर से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। करीब 18 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट में तकनीकी खराबी का पता चला। साथ ही कार्गो गेट भी खुले होने की जानकारी



मिली है। माना जाता है कि इसे उड़ान के दौरान काफी खतरनाक माना जाता है। इसके बाद पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मैसेज भेजा। अनुमति मिलने के बाद दोपहर 2:16 बजे फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई।

### सभी यात्री सुरक्षित

जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को उतारा गया है। सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट की तकनीकी टीम फ्लाइट की जांच कर रही है। अभी तक की जांच में किसी तरह की खराबी को लेकर किसी भी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है। वहीं इस घटना को लेकर अभी तक एयर इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### एयर इंडिया फ्लाइट्स में मिल रहीं लगातार गड़बड़ियां

हाल के हफ्तों में एअर इंडिया और उसकी सहयोगी एअर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानों में तकनीकी गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसी बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली मुंबई की एक फ्लाइट ने टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी के चलते उड़ान रद्द कर दी थी. उस फ्लाइट में 160 यात्री सवार थे। इसी दिन एक और फ्लाइट IX 375 जो कि कोझिकोड से दोहा जा रही थी, वह भी तकनीकी खराबी के कारण टेकऑफ के करीब दो घंटे बाद लौट आई. फ्लाइट में 188 यात्री और क्रू सदस्य सवार थे।

**183 फ्लाइटों में तकनीकी गड़बड़ियां दर्ज :** नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार 21 जुलाई तक देश की 5 प्रमुख एयरलाइंस की 183 फ्लाइटों में तकनीकी गड़बड़ियां दर्ज की गई हैं। इनमें से 85 मामले अकेले एअर इंडिया ग्रुप के हैं।

---

डीआरडीओ को कामयाबी, सीमाओं पर टूटेंगे दुश्मन के हौसले

# मानवरहित विमान से 'यूएलपीजीएम' का सफल परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू स्तर पर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान बड़े पैमाने पर किए गए मानवरहित विमानों यानी यूएवी के इस्तेमाल ने इनके रणनीतिक महत्व को कई गुना बढ़ा दिया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इसी सच्चाई को भांपते हुए देश की सशस्त्र सेनाओं की संबंधित क्षेत्र में ताकत बढ़ाने के लिए उन्नत यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड मिसाइल (यूएलपीजीएम-वी3) का आंध्र-प्रदेश के कुरनूल में राष्ट्रीय ओपन एरिया परीक्षण रेंज (एनओएआर) में सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल डीआरडीओ द्वारा पहले से विकसित और वितरित यूएलपीजीएम-वी2 का उन्नत संस्करण है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि परीक्षण के दौरान मिसाइल को एक मानवरहित विमान से छोड़ा गया। जिसे एक स्वदेशी स्टार्टअप न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज (बेंगलुरु) ने विकसित किया है। जबकि परीक्षण में प्रयोग की गई मिसाइल को डीआरडीओ की कुछ प्रयोगशालाओं ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। जिनमें अनुसंधान केंद्र इमारत, टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला, उच्च-ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, एकीकृत परीक्षण रेंज और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला शामिल है।




कुरनूल की टेस्ट रेंज में मिसाइल ने दिखाई जबरदस्त एक्यूरेसी

### राजनाथ ने बढ़ाया वैज्ञानिकों का हौसला

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट में इस परीक्षण में शामिल डीआरडीओ, उद्योग भागीदारों, रक्षा उत्पादन कंपनियों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सफलता साबित करती है कि अब भारत के उद्योग महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उनका उत्पादन करने के लिए तैयार है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी परीक्षण में शामिल सभी भागीदारों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के हथियार का विकास समय की मांग है।

### यूएलपीजीएम-वी-3 मिसाइल क्या है?

यूएलपीजीएम-वी-3 यानी अननेम्ड एरियल व्हीकल लॉन्च्ड प्रीसिजन गाइडेड मिलाइल वर्जन-3 एक हाई-टेक मिसाइल है, जो ड्रोन से लॉन्च होती है। ये 12.5 किलो की हल्की मिसाइल है, जो 4 किमी (दिन में) और 2.5 किमी (रात में) की दूरी तक सटीक हमला कर सकती है। इसे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया मिशन के तहत पूरी तरह स्वदेशी बनाया गया है। ये मिसाइल दुश्मन के टैंक, बंकर और चलते-फिरते ठिकानों को आसानी से नष्ट कर सकती है।

### कैसे हुआ टेस्ट?

25 जुलाई 2025 को कुरनूल के नॉर टेस्ट रेंज में यूएलपीजीएम-वी-3 का परीक्षण हुआ. इसे बेंगलुरु की स्टार्टअप न्यूस्पेस रिसर्च टेक्नोलॉजीज के स्वदेशी ड्रोन से लॉन्च किया गया। टेस्ट में मिसाइल ने एंटी-आर्मर मोड में काम किया, यानी टैंकों को नष्ट करने की क्षमता को परखा गया।

- **टारगेट :** एक नकली टैंक, जो आधुनिक बख्तरबंद गाड़ियों जैसा था।
- **परिणाम :** मिसाइल ने टारगेट को पिनपॉइंट सटीकता से नष्ट किया, चाहे वो स्थिर था या हिल रहा था।
- **खासियत :** मिसाइल ने दिन और रात दोनों में, साथ ही ऊंचे इलाकों में भी शानदार प्रदर्शन किया।

डीआरडीओ अब इस मिसाइल को लंबी दूरी और हाई-एंड्योरेंस ड्रोन (जैसे घातक UCAV) के साथ जोड़ने की तैयारी कर रहा है।

---

हाईकोर्ट ने दिया अहम फैसला

# साथी की गोली से मृत सैनिक भी 'शहीद जवान'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शहीद सैनिकों को लेकर एक अहम फैसला दिया। अदालत ने कहा कि साथी की गोली से मरे सैनिक को शहीद जवान को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सैन्य अभियान में तैनात किसी सैनिक को अगर उसके साथी सैनिक द्वारा गोली मार दी जाती है. तो उसे युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों को मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह फैसला याचिकाकर्ताओं भारत संघ और अन्य द्वारा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के 22 फरवरी, 2022 के आदेश को दी गई चुनौती पर सुनवाई करते हुए सुनाया। एएफटी ने प्रतिवादी रुक्मणी देवी के फैमिली पेंशन के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया था। देवी का बेटा भारतीय सेना का जवान था और जम्मू-कश्मीर में 'ऑपरेशन रक्षक' में ड्यूटी पर तैनात था।





# वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच दिखी टक्कर

**मुंबई।** दर्शकों का इंतजार खत्म हुआ और ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया। ट्रेलर ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त क्लैश देखने को मिली, जो ये सबूत देती है कि फिल्म में दोनों के बीच हाई लेवल एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही अब सोशल मीडिया पर भी छा गया है। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत होती है ऋतिक रोशन के वॉइस ओवर और उनके इंटेंस लुक के साथ। चेहरे पर हल्का सा खून लगे ऋतिक एक भेड़िये के साथ नजर आते हैं। साथ में उनका वॉइस ओवर है जिसमें वो अपनी शपथ को दोहराते हैं। इसमें ऋतिक कहते हैं 'मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपना नाम, अपनी पहचान, अपना घर-परिवार सब त्यागकर एक गुमनाम, बेनाम अनजान साया बन जाऊंगा।' इसके बाद दिखते हैं जूनियर एनटीआर और इसी तरह की एक शपथ जूनियर एनटीआर भी दोहराते हैं।

लाइफ Style

# किआरा

## बिकिनी अवतार में फिर मचाई धूम

एजेंसी ⏭ मुंबई

शुक्रवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने पर प्रशंसकों ने किआरा के दमदार अवतार की जमकर तारीफ की। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ-साथ किआरा के एक्शन सीन और आकर्षक लुक ने सबका ध्यान खींचा। हाल ही में मां बनीं किआरा वॉर 2 के ट्रेलर में बिकिनी में अपनी टोन्ड बॉडी और आत्मविश्वास के साथ नजर आईं। उनका यह लुक प्रशंसकों को बहुत पसंद आया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके स्क्रीनशॉट वायरल हो गए।

कुछ लोग उन्हें 'सबसे हॉट' बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि उनका एक्शन से भरा किरदार सभी को हैरान कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैशन स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया ने किआरा का लुक डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि किआरा का बिकिनी लुक एक खास रंग में है - न हरा, न पीला, बल्कि इनके बीच का एक अनोखा रंग जो सभी को आकर्षित करता है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी वार यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है, जो 2019 की सुपरहिट फिल्म वॉर की अगली कड़ी है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म की रिलीज को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। । ट्रेलर में किआरा आडवाणी भी जबरदस्त एक्शन करती नजर आई हैं। बंदूक चलाने से लेकर फाइट करने तक किआरा का दमदार अंदाज देखने को मिला है।

किआरा आडवाणी की झलक पहले ही 'वॉर 2' के टीजर में दिखाई जा चुकी है। कुछ सैकेंड्स की किआरा की झलक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। वहीं शुक्रवार को वॉर 2 के ट्रेलर में उनका बिकिनी लुक एक बार फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस साल की शुरुआत में जब वॉर 2 का टीजर रिलीज हुआ, तो किआरा आडवाणी के शानदार लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।



## टीवी मसाला

# टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ हफ्तों से टॉप पोजिशन पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा बना हुआ था, लेकिन इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है ने मारी बाजी है। वहीं, रुपाली गांगुली का पॉपुलर सीरियल तमाम ट्विस्ट के बावजूद पिछड़ रहा है। वह फिर से टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। 28वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में ये रिश्ता क्या कहलाता है ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। वहीं, रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा 2.1 की ही टीआरपी के साथ दूसरे नंबर है। सीरियल अनुपमा में कई ट्विस्ट आ रहे हैं, मगर सीरियल पहले की तरह टॉप पोजिशन हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ था। मगर इस हफ्ते यह टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कुछ दिन पहले इस कॉमिक शो में हॉरर एंगल शामिल किया गया, जिसे दर्शकों को काफी पसंद किया था। यह सीरियल लगभग 17 साल से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। इस हफ्ते इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जहां तक टॉप 5 में शामिल होने की बात है तो चौथे स्थान पर उड़ने की आशा सीरियल रहा, इसकी टीआरपी 1.9 रही है।



# टीवी का वो शो जिसके डायरेक्टर ने हर आर्टिस्ट को दी थी गिफ्ट में कार

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे टीवी सीरियल्स आए, जिसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। यही नहीं, जब भी लोग इन सीरियल्स के एपिसोड को देखते थे, उनका हंस- हंस कर पेट में दर्द हो जाता था। ऐसे ही एक सीरियल की हम बात कर रहे हैं, जिसके हर किरदार को लोगों ने पसंद किया। लोगों ने इस सीरियल को इस कदर पसंद किया कि डायरेक्टर को एपिसोड की संख्या बढ़ानी पड़ी। बता दें, इस शो के सफल होने पर डायरेक्टर ने अपने हर एक कलाकार को मारुति कार तोहफे में दी थी। जिस शो की हम बात कर रहे हैं, उसका नाम 'देख भाई देख' था, जो 31 साल पहले 6 मई को आया था। इसमें तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार और उनकी परेशानियां को काफी मजेदार अंदाज में दिखाया गया था। उस समय दर्शकों को यह शो काफी पसंद आया था। उस जमाने में जब टीवी शोज पर 13 एपिसोड की सख्त पाबंदी थी. ऐसे में 'देख भाई देख' को 26 एपिसोड के साथ पेश किया गया था, जिसका एक एपिसोड हर हफ्ते दूरदर्शन पर प्रसारित होता था।





# इब्राहिम और काजोल की अदाकारी ने जीता दिल

**मुंबई।** बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री काजोल, साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान की अदाकारी वाली फिल्म सरजमीं 25 जुलाई को रिलीज हो गई है। फिल्म कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। एक्शन थ्रिलर फिल्म में देशभक्ति भी दिखाई गई है। फिल्म को देखने के बाद कई दर्शक इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा 'सरजमीं ने मुझे रुला दिया। फिल्म ने जो संदेश दिया है, इसके लिए उसकी तारीफ की जानी चाहिए। काजोल का अंत का खास दृश्य सिनेमा हॉल की सीटियों और जयकारों का हकदार है। इस किरदार को निभाने के लिए शुक्रिया। आपने एक बार फिर साबित कर दिया कि भावनाओं और गुस्से से भरी भूमिका में आप कमाल कर देती हैं। एक और दर्शक ने फिल्म में काजोल की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'काजोल! हे भगवान! फिल्म सरजमीं को देखना बहुत अच्छा अनुभव था! आपके क्लासिक इमोशनल बहुत अच्छे हैं। आखिर में आपकी अदाकारी बहुत अच्छी है। उफ! फिल्म और आपकी तारीफ करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, प्रणाम। एक दूसरे यूजर ने फिल्म 'सरजमीं' की तारीफ में लिखा है सरजमीं एक खूबसूरत छोटी सी फिल्म है जिसमें भावनाओं को सही जगह पर रखा गया है।

# रिलीज हुई लोककथाओं में लिपटी मर्डर मिस्ट्री

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर आई नई माइथोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर सीरीज मंडला मर्डर आपको सीधे चरणदासपुर गांव की रहस्यमयी गलियों में ले जाती है। ये कहानी है ऐसी जगह की, जहां सदियों पुरानी लोककथाएं, खून से सनी बलि-प्रथाएं और पुलिस की तफ्तीश, सब एक ही धागे में गुथे हुए हैं। आठ एपिसोड की इस सीरीज में आपको 1950 के दशक से लेकर 2025 के मॉडर्न दौर तक टाइम-ट्रैवल पर टाइम-ट्रैवल मिलता है-और हर एपिसोड में एक नया राज सामने आता है।



**कहानी** : गांव में एक के बाद एक खौफनाक मर्डर हो रहे हैं, हर बार लाश से कोई न कोई अंग गायब मिलता है। लोकल पुलिस परेशान है। इसी बीच दिल्ली से तेज-तर्रार सीबीआई अफसर रिया (वाणी कपूर) बुलाया जाता है, जो केस को अपने ढंग से सुलझाने की कोशिश करती है। एक सस्पेंडेड पुलिस अफसर विक्रम (वैभव गुप्ता) इसमें रिया की मदद करता है। दोनों जैसे-जैसे आगे बढ़ते हैं, केस और भी खौफनाक मोड़ लेने लगता है।

**अभिनय** : सुरवीन चावला ने अपने किरदार में जान डाल दी है। वैभव गुप्ता की आंखों में जो गुस्सा और टूटा हुआपन दिखता है, वो दिल को छूता है। वाणी कपूर ने भी सीबीआई अफसर के रोल में अच्छा काम किया है, बस उनका ट्रैक थोड़ा अधूरा सा लगता है, लेकिन बोर नहीं करता।

sk FINANCE
एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी बलौदा बाजार शाखा को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे हैं:-
पुराना पता- प्लॉट नं. 285, ग्राउण्ड फ्लोर, लक्की कॉम्पलेक्स, शॉप नं. 3, लावन रोड, बलौदा बाजार, जिला - बलौदा बाजार - 493332 (छत्तीसगढ़)
नया पता- पहली मंजिल खसरा नं. 466/5, गंगा हॉस्पिटल के ऊपर, तारेंगा रोड, श्यामा पाराशत मुखर्जी वार्ड, भाटापारा, छत्तीसगढ़, पिन कोड - 493118
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

# भारतीय जोड़ों की जिंदगी से जुड़ी है कहानी

**मुंबई।** विजय सेतुपति और नित्या मेनन की फिल्म 'थलाइवन थलाइवी' शुक्रवार 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को देख कर दर्शक एक्स पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा है 'थलाइवन थलाइवी फिल्म कुछ ही सिनेमाघरों में क्यों लगाई गई है? भारतीय जोड़ों को यह फिल्म बहुत पसंद आएगी। यह उनकी जिंदगी से जुड़ी है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म में विजय सेतुपति की तारीफ करते हुए लिखा है 'विजय सेतुपति ने हमें मर्दाना रूढ़ियों के बजाय भरोसेमंद नायक दिया है। थलाइवन थलाइवी में उन्होंने ऐसा ही किरदार निभाया है।' एक और सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है 'थलाइवन थलाइवी पारिवारिक दर्शकों के लिए बहुत अच्छी फिल्म है। फिल्म के कलाकार अपने फॉर्म में हैं। फिल्म का लेखन भावनात्मक और मजेदार है।' एक एक्स यूजर ने फिल्म को ब्लॉकबस्टर बताया है। उन्होंने लिखा है 'ब्लॉकबस्टर।



# तन्वी द ग्रेट के फ्लॉप होने से टूट गए अनुपम

**मुंबई।** अनुपम खेर तकरीबन 23 साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर दोबारा बैठे और तन्वी द ग्रेट नाम की फिल्म लाए। फिल्म को रिलीज हुए अब एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई। यही नहीं लगभग 50 करोड़ रुपए के बजट से बनी यह फिल्म एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ रुपए की भी कमाई नहीं कर पाई है। अनुपम खेर इस फिल्म में निर्देशक और अभिनेता होने के साथ-साथ प्रोड्यूस भी हैं। ऐसे में फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर सफल न हो पाने से अनुपम खेर निराश है। उनका कहना है कि वो अभी तक एक्टर्स की फीस भी नहीं दे पाए हैं। एक बातचीत में अनुपम खेर ने तन्वी द ग्रेट के बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन न कर पाने पर निराशा जताई। निर्देशक-निर्माता ने कहा कि तन्वी ने कोई जबरदस्त कलेक्शन या कुछ भी नहीं दिया है। पिछले 10 साल से सिनेमा बिजनेस की तरह हो गया है। हमें लगता है कि अगर फिल्म की कमाई अच्छी नहीं हुई तो मतलब फिल्म अच्छी नहीं है। मैं भी इस बिजनेस वर्ल्ड का हिस्सा हूं।



# 12 साल पहले सैयारा जैसा ही था इस मूवी का क्रेज

## कहानी ने छू लिया था लोगों के दिलों को, झटक लिए थे 49 अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अहान पांडे और अनीत पड्डा की रोमांटिक फिल्म सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दनादन नोट छाप रही है। ऐसा ही क्रेज 12 साल पहले एक फिल्म का भी था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अंधाधुंध कमाई की थी। अवॉर्ड जीतने के मामले में तो इतिहास ही रच दिया था। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आशिकी 2'। 'आशिकी 2' एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। इसमें आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर लीड किरदारों में नजर आए थे। यह एक ऐसी लव स्टोरी फिल्म है, जिसकी कहानी ने लोगों के दिलों को छू लिया था।. खास यंगस्टर्स के बीच इसका खूब क्रेज देखने को मिल था।



### सुपरहीट हुए थे गाने

*जैसा क्रेज इन दिनों अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' का है, वैसे ही क्रेज साल 2013 में 'आशिकी 2' को लेकर भी देखने को मिला था। 'तुम ही हो, सुन रहा है, चाहू मैं या ना, मेरी आशिकी, बुला देना जैसे गाने सुपरहिट हुए थे। 'आशिकी 2' का क्लाइमैक्स बहुत इमोशनल कर देना वाला है।*

### बजट से सात गुनाकी थी कमाई

*बॉक्स ऑफिस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की 'आशिकी 2' 15 करोड़ रुपए के बजट में बनी थी। भारत में फिल्म ने 78.64 करोड़ और दुनियाभर में 109 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 7 गुना से ज्यादा कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्लॉकबस्टर रही। आईएडीबी के मुताबिक, मोहित सूरी के डायरेक्शन में बनी 'आशिकी 2' ने टोटल 49 अवॉर्ड जीते थे। आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की रेटिंग 10 में से 7.1 है। इसकी कहानी आज भी लोगों के दिलों बसी हुई है।*

### फिल्म की कहानी

कहानी शुरू होती है राहुल जयकर आदित्य (रॉय कपूर) से, जो एक मशहूर सिंगर है, लेकिन अब शराब की लत के कारण उसका करियर बर्बादी की ओर है। एक दिन वह गोवा में एक छोटे से बार में आरोही (श्रद्धा कपूर) को गाना गाते सुनता है, जो होटल में गाना गाकर अपने परिवार का गुजारा करती है। राहुल उसकी आवाज से इतना प्रभावित होता है कि उसे एक सफल सिंगर बनाने का फैसला कर लेता है। राहुल, आरोही को मुंबई लाता है और उसके कॅरियर को संवारने में पूरी मदद करता है। आरोही की गायकी लोगों को बहुत पसंद आती है और वह धीरे-धीरे स्टार बन जाती है। इस बीच दोनों के बीच प्यार भी गहराने लगता है। हालांकि, राहुल का अपना कॅरियर खत्म हो चुका होता है और उसे यह लगने लगता है कि उसकी मौजूदगी आरोही के लिए बोझ बनती जा रही है। इसके बाद 'आशिकी 2' कहानी बड़ा मोड़ लेती है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)
UNI : IRDAN126RP0001V01201617
www.pmfby.gov.in

''किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना'' खरीफ-2025 फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी® (AIC) द्वारा खरीफ 2025 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़-छुईखदान-गडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन
राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 31 जुलाई 2025 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

आधार अनिवार्य
किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 31.07.2025 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें।
फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

आवरित जोखिम

| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर | व्यक्तिगत खेत आधार पर |
|---|---|
| क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है। | क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलो में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना। |
| ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन। | ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिश और बेमौसमी बारिश से हानि होने की स्थिति में। |

अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नही बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है।

स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :-
राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ।
लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप।
जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय।
बीमा कंपनी एवं भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर।
नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा।

शिकायत के मामले में शिकायत निवारण के लिए ए.आई.सी. के वेबसाइट https://www.aicofindia.com/grievance-redressal के माध्यम से शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत की जा सकती है।

| खरीफ | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | 2% |
| 2. बैंक / प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति / लोक सेवा केन्द्र / ऑनलाईन पंजीकरण / बीमा अभिकर्ता / डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने / प्रीमियम जमा / खाते से प्रीमियम कटौती / बीमा कराने की अंतिम तिथि | 31/07/2025 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 31-07-2025 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक / जिला सहकारी बैंक / प्राथमिक सहकारी समितियाँ / लोक सेवा केन्द्र (CSC) / भारत सरकार की बीमा पोर्टल / डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखे एवं उद्यानिकी / कृषि / राजस्व अधिकारी / बैंक / CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय / जिला / तहसील कार्यालय से संपर्क करें

HO/25-26/1A/11

AIC
भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स:0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia
कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447
बीमा आग्रह की विषय वस्तु है।
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।

## चिंतन

# झालावाड़ स्कूल हादसे के जिम्मेदारों को सजा मिले

राजस्थान के झालावाड़ के सरकारी स्कूल में हुए भीषण हादसे ने केवल इस राज्य को ही नहीं, बल्कि समूचे देश को झकझोर दिया है। झालावाड़ के पिपलोदी गांव स्थित एक स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों ने अपनी जान गंवा दी है, वहीं 27 बच्चे घायल हैं। देश गमगीन है। सबसे हैरत की बात यह है कि प्रशासन तभी हरकत में आता है, जब पिपलोदी गांव की तरह कोई बड़ा हादसा होता है। बड़ा सवाल है कि क्या यह महज हादसा है या शिक्षा तंत्र की प्रशासनिक लापरवाही का भयानक अंजाम? राजस्थान के शिक्षा मंत्रालय ने सभी जिलों को लिखित निर्देश दिया था कि बरसात से पहले अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के भवनों की स्थिति का मौका-मुआयना करें। राजस्थान में अधिकांश प्राइमरी स्कूलों के भवनों की हालत जर्जर है। यह स्थिति देश के अधिकांश अन्य सरकारी स्कूलों के भवनों की भी है। राजस्थान में चिंता की बात है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, उनके बेटे सांसद दुष्यंत सिंह, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह जिले व अपने क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में स्थिति खराब है। इस राज्य में पांच साल कांग्रेस व पांच साल भाजपा सत्ता में रहती है, ऐसे में सूबे के सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के लिए दोनों ही दलों की सरकारें जिम्मेदार हैं। चुनावी राजनीति में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा के चलते दलों व सरकारों के फोकस में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विषय नहीं हैं। राजस्थान सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक विद्यालय के भवनों की मरम्मत के लिए बजट केवल 225 करोड़ रुपये है, जबकि अनुमान के मुताबिक राज्य के करीब 60 फीसदी से अधिक स्कूल भवनों में सुधार की आवश्यकता है। अभी कहा जा रहा है कि भारी बारिश के चलते पीपलोदी के स्कूल भवन की छत गिर गई, लेकिन राजस्थान में अनेक स्कूलों के भवन जर्जर हालते में हैं। विगत चार महीनों में करीब 700 से अधिक शिकायतें स्कूल भवन को ठीक कराने संबंधी गई हैं, लेकिन अधिकांश मामले में बजट का रोना है। शिक्षा विभाग ने बेशक पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए झालावाड़ जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशक, और एसपी को नोटिस जारी कर 7 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है, लेकिन क्या जिन बच्चों की जान सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते गई है, वो लौट कर आएगी? पीपलोदी गांव के लोग गुस्से में हैं और उनका क्रोधित होना जायज भी है। सरकार स्कूलों, अस्पतालों, पुलों व अन्य सरकारी भवनों की एक नियमित अंतराल पर जांच-परख के लिए नियम क्यों नहीं बनाती है, हम अपने बच्चों, नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कैसे कर सकते हैं। कोई निर्माण हुआ है तो, उसकी आयु भी होगी? देश में सरकारी स्कूलों के भवनों की स्थिति आमतौर पर खराब है। कुछ स्कूलों के भवन इतने जर्जर हैं कि छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो गया है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। सरकारी स्कूलों में अपर्याप्त वित्तपोषण व उत्तरदायित्व की कमी है। सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, प्रौद्योगिकी वर्धित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, प्रज्ञाता, पीएम श्री स्कूल जैसी सरकारी पहलों से भी स्कूलों के बुनियादी ढांचे नहीं सुधर पा रहे हैं। वित्त पोषण के साथ शिक्षा तंत्र को जवाबदेह बनाना जरूरी है। बच्चों की मौत के जिम्मेदारों को सजा मिलनी जरूरी है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण जरूरी

> एक हालिया शोध के अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन परीक्षण पर विपक्षी दलों की ओर से सवाल न ही उठता तो हैरत होती। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने अपने 24 जून के इस संदर्भ में दिए गए आदेश में बार-बार बदलाव किया है, लेकिन विपक्षी खेमे की ओर से इस पुनरीक्षण पर सवाल उठने की वजह उनकी आशंका है। उन्हें लगता है कि इस पुनरीक्षण के बहाने उनके वोट बैंक को सत्ता पक्ष यानी बीजेपी और जेडीयू के इशारे पर चुनाव आयोग काट देगा। उनकी आशंका पर चर्चा से पहले एक हालिया शोध का भी जिक्र किया जाना जरूरी है, जिसके अनुसार बिहार में करीब 77 लाख फर्जी वोटर हैं। ये वोटर अल्पसंख्यक वर्ग वाले सिर्फ विदेशी घुसपैठिये ही नहीं है, बल्कि इसमें मृत और अपनी रिहायश छोड़ चुके मतदाता भी हैं।

डेमोग्रॉफिक रिकंस्ट्रक्शन एंड इलेक्टोरल रोल इन्फ्लेशन, एस्टीमेटिंग दी लेजिटिमेट वोटर बेस इन बिहार, इंडिया नाम शोध अध्ययन के मुताबिक बिहार की मतदाता सूची में ही ऐसी गड़बड़ियां नहीं है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां पूरे देश की मतदाता सूची में हो सकती हैं। इस शोध अध्ययन को मुंबई के एसपी जैन इंस्टीट्यूट एंड मैनेजमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर विधु शेखर और और आईआईएम,विशाखापत्तनम के असिस्टेंट प्रोफेसर मिलन कुमार ने मिलकर किया है। एसएसआरएन में प्रकाशित यह अध्ययन किसी अनुमान पर नहीं, बल्कि सरकारी आंकड़ों, मसलन राज्य की जन्म और मृत्यु दर के साथ ही राज्य से हुए पलायन और आयु प्रत्याशा के सरकारी आंकड़ों के गहन अध्ययन और विश्लेषण पर आधारित है। अध्ययन के मुताबिक, बिहार में इस समय करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इनमें से करीब 77 हजार नाम फर्जी हैं। यानी ये मतदाता या तो मर चुके हैं या बरसों पहले से अपनी बताई या दर्ज जगह से पलायन करके कहीं और जा बसे हैं। फर्जी या गलत मतदाताओं का यह आंकड़ा करीब 9.7 प्रतिशत होता है। इसका मतलब यह हुआ कि करीब दस प्रतिशत मतदाता ज्यादा हैं या असल में हैं ही नहीं। राज्य की हर विधानसभा सीट पर करीब तीस हजार मतदाताओं का नाम गलत तरीके से दर्ज है। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। शोधकर्ताओं को आशंका है कि अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राज्य में पिछली बार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। उस समय राज्य में करीब तीन करोड़ 41 लाख मतदाता थे।

राज्य की मौजूदा जन्म और मृत्यु दर के हिसाब से इसके बाद 4.83 जुड़ने चाहिए थे। इसके साथ ही सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन वर्षों में राज्य से करीब एक करोड़ 12 लाख वोटरों ने पलायन किया है। उन्होंने अपना स्थायी ठिकाना राज्य से बाहर बना लिया है। इसे दिल्ली, मुंबई, पंजाब जैसे शहरों और राज्यों में देखा भी जा रहा है, जहां भारी संख्या में बिहारी मूल के मतदाता



हैं। इस शोध के मुताबिक, पुराने वोटरों, जन्म-मृत्यु दर की गणना और पलायन के बाद के आंकड़ों को मिलाकर राज्य में असल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 12 लाख के ही आसपास बैठती है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि राज्य में जो 77 लाख ज्यादा वोटरों के नाम हैं, वे इन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर गड़बबड़ हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार के अध्ययन के अनुसार राज्य में आधार कार्ड की उपलब्धता को भी जोड़ा जा सकता है। यह भी राज्य में फर्जी वोटरों की ओर इशारा करता है। वैसे मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड को वैध प्रमाण पत्र माना जाता है। लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारी संख्या में फर्जी राशन कार्ड हो सकते हैं या आधार कार्ड भी बन सकते हैं।

राज्य के सीमांचल के जिले मसलन अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मुस्लिम आबादी करीब 39 से लेकर 68 प्रतिशत तक है, लेकिन इनकी सीमाएं पश्चिम बंगाल और नेपाल से जुड़ी हैं। इस वजह से इस इलाके में घुसपैठ का भी आरोप लगता रहा है। बिहार सरकार द्वारा जाति-आधारित सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो इस आरोप में दम नजर आता है। इस आंकड़े के मुताबिक, राज्य का औसत आधार कवरेज लगभग 94 प्रतिशत है, जबकि 68 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले किशनगंज में कुल जनसंख्या से करीब 105.16 प्रतिशत आधार है। इसी तरह, कटिहार में 45 प्रतिशत और अररिया में 50 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का करीब 101.92 और 102.23 प्रतिशत ज्यादा है। सीमांचल के ही जिले पूर्णिया में 39 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन यहां आधार कुल जनसंख्या का 101 प्रतिशत है।

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सीमांचल हर 100 निवासी पर 120 से अधिक आधार कार्ड हैं। यही वजह है कि चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में इन जिलों में मतदाता सूची में नाम के सत्यापन के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मिले अधिकारों के तहत चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद और विधान मंडलों का चुनाव कराता है। इसके लिए उसे जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 के तहत मतदाता सूची बनाने और उसे अद्यतन करने का अधिकार मिला है। स्वच्छ लोकतंत्र के लिए जरूरी स्वच्छ और स्पष्ट मतदाता सूची है। चुनाव आयोग का यह वैधानिक दायित्व है कि फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से बाहर करे। आज की राजनीति अपने वोटरों को साधने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अपने प्रतिबद्ध वोटरों की रक्षा करने की हो गई है। बिहार में माना जाता है कि एमवाई समीकरण यानी मुस्लिम और यादव वोटर राष्ट्रीय जनता दल का समर्थक है। विपक्षी दलों को आशंका है कि बीजेपी के इशारे पर उसके इन्हीं वोटरों को काटा जा सकता है। चुनाव आयोग के प्रमुख टीएन शेषन और केजे राव जैसे अधिकारियों के आने के पहले तक राज्य में बूथ लूट की घटनाएं खुलेआम होती थीं। अब तो खैर वैसा नहीं होता, लेकिन फर्जी वोटरों के नाम पर कुछ भी हो सकता है। दबंग उम्मीदवार अपने पक्ष में फर्जी या मृत वोटरों के नाम पर मतदान कराकर अपने पक्ष में नतीजे मोड़ सकते हैं। विधु शेखर और मिलन कुमार का शोध अध्ययन, राज्य के आधार कार्ड के अत्यधिक उपलब्धता के आंकड़े कुछ ऐसे तथ्य हैं, जिनके आलोक में राज्य में जारी गहन पुनरीक्षण को चुनाव आयोग अपने पक्ष में तर्क के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। इन संदर्भों में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में उतरे राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा तर्क-वितर्क की गुंजाइश शायद ही रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कारगिल युद्ध विशेष




डॉ. संदीप मलिक व डॉ. विवेक बल्यान

# अदम्य साहस, बलिदान और भारत की गौरवपूर्ण विजय

भारत के सैन्य इतिहास में 26 जुलाई 1999 वो ऐतिहासिक दिन है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह वह दिन था, जब भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, रणनीतिक कौशल और असाधारण पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त करते हुए विजय पताका लहराई थी। पाकिस्तान पर यह जीत केवल भारतीय सैन्य क्षमता सफलता ही नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव, अखंडता और एकता की मिसाल बन गई। कारगिल युद्ध एक ऐसा संघर्ष था जिसे पाकिस्तान ने छद्म युद्ध के रूप में भारत पर थोपा था। मई 1999 में आरंभ हुआ यह युद्ध लगभग दो महीने तक चला और 26 जुलाई को भारत ने तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद निर्णायक विजय के साथ समाप्त किया।

पाकिस्तान के साथ भारत के इस संघर्ष की शुरुआत 3 मई 1999 को तब हुई, जब एक स्थानीय चरवाहे ने भारतीय सेना को कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठ की सूचना दी। चरवाहे की सूचना पर जांच के लिए भेजी गई पेट्रोलिंग टीम पर पाकिस्तानी सैनिकों ने हमला कर दिया और पांच भारतीय जवानों की निर्मम हत्या कर दी गई। पाकिस्तान की इस घुसपैठ की योजना बेहद सुनियोजित थी। इसका प्रमाण यह था कि पाकिस्तान ने अपने सैनिकों को कश्मीर के आतंकवादियों की आड़ में कारगिल, द्रास, ककसर और बटालिक जैसे क्षेत्रों में भेजा। उनका उद्देश्य था श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण पाकर सियाचिन और लेह को भारत से काट देना। साथ ही, पाकिस्तान इस युद्ध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता था। हालांकि पाकिस्तान ने शुरू में इसे कश्मीर के 'मुजाहिदीन' की कार्रवाई कहकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इस दुस्साहस के पीछे पाकिस्तान की सेना थी, जिसका नेतृत्व जनरल परवेज़ मुशर्रफ कर रहे थे।

भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' की शुरुआत की। इस ऑपरेशन में भारतीय थलसेना और वायुसेना दोनों ने निर्णायक भूमिका निभाई। भारतीय वायुसेना ने 26 मई 1999 से हवाई कार्रवाई शुरू की, जिसमें मिग-27 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों से दुश्मन के ठिकानों पर बमबारी की गई। वहीं, थलसेना ने अत्यंत कठिन भौगोलिक परिस्थितियों 18,000 फीट की ऊंचाई, बर्फीली पहाड़ियों और दुर्गम दर्रों में युद्ध करते हुए टोलोलिंग, प्वाइंट 5140, प्वाइंट 4875 और टाइगर हिल जैसी सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लेकर अपने पराक्रम का परिचय दिया। कारगिल के इस युद्ध में भारतीय सेना ने 2.5 लाख से अधिक गोलियां दागीं, 300 से अधिक मोर्टार, तोप और रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल करते हुए 5000 बम गिराए। प्रतिदिन औसतन हर मिनट एक राउंड फायरिंग होती रही। पाकिस्तान के साथ यह संघर्ष आधुनिक सैन्य इतिहास के सबसे कठिन युद्धों में से एक माना जाता है। 26 जुलाई 1999 को अंततः पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा और भारत ने विजय पताका फहराई लेकिन यह विजय सस्ती नहीं थी। 527 वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और 1363 जवान घायल हुए।

कई वीरों को उनकी असाधारण वीरता के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया, जिनमें परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे (मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव व राइफलमैन संजय कुमार का नाम शामिल था। कारगिल युद्ध ने यह साफ कर दिया कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की साजिश को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी नकारा और भारत की स्थिति को नैतिक और कूटनीतिक समर्थन प्राप्त हुआ। यह युद्ध भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ उसकी राजनीतिक परिपक्वता और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत भी थी।

भारत की जीत को प्रतिवर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें हमारे शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि एकजुटता, धैर्य, और अद्वितीय साहस के साथ कोई भी युद्ध जीता जा सकता है। कारगिल युद्ध भारत की सीमाओं की रक्षा में नतमस्तक हो जाने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा है यह इतिहास का हिस्सा नहीं, भारत की आत्मा का हिस्सा है।

(लेखक द्वय जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र के शैक्षणिक प्रमुख तथा सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# बहुत सारे काम के बदले किसी एक काम को बेहतर करे



संकलित
## प्रेरणा

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विमानन क्षेत्र में सुधार समीक्षा की दरकार

हाल में बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की जांच कराए और तय करे कि तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए।

-संकेत अग्रवाल, जगदलपुर

## करंट अफेयर

# तेहरान पर परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाने की आशंका

ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर जारी गतिरोध को दूर करने के लिए ईरान और यूरोपीय देशों के राजनयिक शुक्रवार को इस्तांबुल में बैठक करने वाले हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिनिधि ईरान के वाणिज्य दूतावास में यह बैठक करेंगे। ईरान और इजराइल के बीच जून में 12 दिन तक चले युद्ध के बाद पहली बार यह बैठक हो रही है। इस युद्ध के दौरान अमेरिका ने भी ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाते हुए हमले किए थे। इस बैठक में ईरान पर उन प्रतिबंधों को फिर से लागू करने की संभावना है, जिन्हें 2015 में तब हटाया गया था जब ईरान ने यह स्वीकार किया था कि उसके परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबंध और निगरानी रखी जा सकती है। वार्ता की संवेदनशीलता के कारण नाम न बताने की शर्त पर यूरोपीय देश के एक राजनयिक ने बताया कि ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगाने की संभावना अब भी बनी हुई है। इसे 'स्नैपबैक' कहा जाता है, जिसका मतलब है कि अगर ईरान समझौते की शर्तों का पालन नहीं करता तो पहले हटाए गए प्रतिबंध तुरंत फिर से लागू किए जा सकते हैं। राजनयिक ने कहा, ''स्नैपबैक (प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने) की प्रक्रिया शुरू करने में संभावित देरी का प्रस्ताव ईरान को दिया गया है लेकिन इसके बदले शर्त यह रखी गई है कि ईरान ईमानदारी से कूटनीतिक बातचीत करे।



## ऑफ बीट

# क्या चैटजीपीटी हमें मूर्ख बना रहा है?

द अटलांटिक ने 2008 में एक विचारोत्तेजक मुख्य पृष्ठ लेख के साथ विवाद को जन्म दिया: क्या गूगल हमें मूर्ख बना रहा है? लेखक निकोलस कार्र ने सुझाव दिया कि इसका उत्तर हां है, तथा तर्क दिया कि सर्च इंजन जैसी प्रौद्योगिकी अमेरिकी लोगों की गहराई से सोचने और ज्ञान को बनाए रखने की क्षमता को क्षीण कर रही है। कार्र की चिंता का मूल यह विचार था कि लोगों को अब तथ्यों को याद रखने या सीखने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे उन्हें तुरंत ऑनलाइन खोज सकते हैं। हालांकि इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है, लेकिन सर्च इंजन अब भी उपयोगकर्ताओं से परिणामों की व्याख्या और संदर्भ निर्धारण के लिए आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं। आज की बात करें तो, एक और भी परिवर्तनकारी तकनीकी बदलाव हो रहा है। चैटजीपीटी जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) जनित सामग्री के सामने आने के साथ, इंटरनेट उपयोगकर्ता केवल स्मृति का ही आउटसोर्सिंग नहीं कर रहे हैं – बल्कि वे सोच का भी आउटसोर्सिंग कर रहे हैं। एआई जनित सामग्री तैयार करने वाले सॉफ्टवेयर केवल जानकारी प्रेषित नहीं करते बल्कि उसे सृजित भी कर सकते हैं, उसका विश्लेषण भी कर सकते हैं और उसका सारांश भी तैयार कर सकते हैं। यह एक बुनियादी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है।



## ट्रेंड

### पीपीपी मॉडल



स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज हमारा पीपीपी मॉडल पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन रहा है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिसमें अब तक 4 मेडिकल कॉलेज खुल चुके हैं।

-डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### कानून मंत्री का बयान सही



देश के कानून मंत्री का कल संसद में दिया गया बयान उचित एवं सराहनीय है, जिसमें उन्होंने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) शब्द हटाने की सरकार की न कोई नीयत है और न ही इस पर विचार किया जा रहा है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### इलेक्शन चोरी



हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### व्यापार समझौता



भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता वास्तव में वर्तमान ब्रिटिश लेबर सरकार को पतन से बचाता है। एक पूर्व उपनिवेश (भारत) उस उपनिवेशवादी (इंग्लैंड) की अर्थव्यवस्था को सहारा देता है, जिसने कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया था!! बधाई।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# तार बाड़ी के करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, पुलिस जाँच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खेत के जंगली जानवर न घूसे कहकर तार बाड़ में विद्युत करंट लगाने से एक किसान की करेंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। करेंट फैलाने वाले किसान के खिलाफ कार्यवाही किया गया।

विवेचना में पाया गया कि 6 जुलाई की सुबह साढ़े 11 बजे मृतक सुखराम पोटाई का ट्रैक्टर ड्राईवर प्रेम सिंह कोरेटी जो सुरज लाल कोर्राम निवासी बोरगांव के खेत में ट्रेक्टर से जोताई काम कर रहा था, जिसे सुखराम पोटाई बताने के लिए गया था कि जोताई काम पूरा होने के बाद हमारे खेत को जोताई करना कहकर सुरज लाल कोर्राम के खेत को देखा रहा था। उसके बाजू में बोरगांव निवासी मंशाराम कोर्राम पिता कुंवर सिंग का भी खेत लगा है, जहां मंशाराम कोर्राम के द्वारा खेत के चारो ओर लोहे के तार से घेरा किया हुआ है।

जमीन गीला होने से सुखराम फिसलकर तार में गिरा और उसमें चिपक गया। किसान जोर से चिल्लाया, परंतु मृतक का ड्राईवर प्रेम सिंह कोरेटी देखा कि मृतक लोहे के तार में चिपक गया है। चालक प्रेम सिंह कोरेटी ट्रांसफार्म में लगे ग्रिप को निकालने गया, वापिस आकर देखा तो सुखराम पोटाई अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ था। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। चालक के द्वारा मृतक के खेत लाड़ी में उसके नाती राहुल वट्टी एवं दामाद पूरन वटटी को बताया। उन्होने आकर देखा और जो खेत के आसपास काम करने वाले आवाज देकर बुलाए।

# जलभराव और तेज बहाव के चलते तिरिया पर्यटन स्थल बंद, ग्रामसभा में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जनपद पंचायत जगदलपुर के आश्रित ग्राम तिरिया में संचालित प्राकृतिक पर्यटन स्थल को 20 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक अस्थायी रूप से बंद किया गया है। यह निर्णय वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 के अंतर्गत अधिकार प्राप्त ग्राम सभा तिरिया द्वारा 6 जुलाई को आयोजित मासिक बैठक में लिया गया। ग्राम सभा ने यह निर्णय वर्षा ऋतु में नदी-नालों में जल भराव और तेज बहाव को देखते हुए लिया है, जिससे संभावित दुर्घटनाओं से आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भारी वर्षा के कारण क्षेत्र के जल स्त्रोतों में जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे राफ्टिंग, ट्रैकिंग और अन्य गतिविधियों में जोखिम की संभावना रहती है। इसीलिए पर्यावरणीय और मानवीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह पहल की गई है। पर्यटन स्थल बंद रहने की अवधि का उपयोग ग्राम सभा ने संरक्षण और विकास कार्यों के लिए किया है। ग्राम सभा, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति और स्थानीय जनों के सहयोग से इस क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है। पिकनिक और पार्किंग स्थलों सहित नाला किनारे आम, जामुन, आंवला, बादाम, बेर, कदम, नारियल, कोलियारी, बांस जैसे मिश्रित और स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं। इससे क्षेत्र की जैव विविधता में वृद्धि होगी और स्थायी पारिस्थितिकीय संतुलन कायम रहेगा।

### 23 लोगों की विशेष गश्ती टीम बनाई गई

इसके साथ ही वन क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्राम सभा द्वारा प्रतिदिन 23 लोगों की विशेष गश्ती टीम गठित की गई है। यह टीम हर दिन जंगल की निगरानी, सुरक्षा, अवैध कटाई रोकथाम और संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करती है।

# धोखाधड़ी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**छुईखदान।** धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी शांतिलाल जैन निवासी छुईखदान ने थाना छुईखदान में लिखित शिकायत दिया था कि 15 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन में कॉल आया। बात करने पर कॉल करने वाला व्यक्ति ने अपने आपको सौरभ जैन होना बताकर 500 बोरी अल्ट्राटेक सीमेंट कीमती 147500 रुपए का आर्डर दिया और सीमेंट को मुढिया मोहारा भेजने बोला, जिस पर प्रार्थी ने 500 बोरी सीमेंट सौरभ जैन नाम के व्यक्ति को उसके बताए पते पर भेजा, जिसे सौरभ जैन नाम के व्यक्ति ने सीमेंट को किसी अन्य व्यक्ति को बिक्री कर सीमेंट का रुपए को ले लिया और प्रार्थी शांतिलाल को सीमेंट का 147500 रुपए को नहीं देकर धोखाधड़ी किया है।

**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त - जगदलपुर**

**प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्र.28**

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र/ वृत्त - जगदलपुर के अधिनस्थ छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, विद्युत संभाग जगदलपुर अंतर्गत रिडेव्हलपमेंट योजनांतर्गत कंगोली, जगदलपुर जिला बस्तर में शासकीय अधिकारी/ कर्मचारियों हेतु 36 नग एच-टाईप (1 बीएचके) प्रकोष्ट भवनों में बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु ऑफलाईन/ मेनुअल निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in/ एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु का. अभि. विद्युत संभाग जगदलपुर के मो.नं. 9424209077 पर संपर्क करें।

S-44687/2 उपायुक्त

**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग**

**प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्र. 39**

1. अटल विहार योजना सिवनी, जिला - बालोद में 07 नग Sr.MIG एवं 06 नग Jr. MIG का निर्माण कार्य बाऊण्ड्रीवॉल सहित प्रपत्र- "फ" में रू. 217.21 लाख 2. अटल विहार योजना पोटियाडीह, जिला-धमतरी में 04 नग Sr.MIG, 15 नग Jr.MIG एवं 35 नग EWS (कुल 54 नग) भवनों का निर्माण एवं शेष विकास कार्य प्रपत्र- "अ" में राशि रू. 376.06 लाख । की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है । विवरण मण्डल website www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु मो.नं. 89650-51588 पर सम्पर्क करें ।

S-44683/1 उपायुक्त

**छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त - बिलासपुर**

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना वि.क्र.- 25**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त - बिलासपुर अन्तर्गत संभाग बिलासपुर में निर्मित कालोनियों (1) अटल आवास झल्फा (बिल्हा), अटल आवास निरतू ( तखतपुर), अटल आवास सुरदा (मुंगेली) दीनदयाल आवास परसदा, दीनदयाल आवास सैदा (सकरी) एवं सामुदायिक भवन देवरीखुर्द में रख-रखाव कार्य (2) अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में स्थित फ्लैट्स ( 2BHK 3BHK 4BHK ) का रख रखाव कार्य (3) अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में स्थित प्रक्षेत्र-कार्यालय, वृत्त कार्यालय संभागीय कार्यालय, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र कार्यालय एवं उपसंभाग क्र. - 01 / 03 के रख-रखाव कार्यो एवं (4) निक्षेप कार्य के अंतर्गत मोपका जिला बिलासपुर में परिवहन विभाग हेतु Institute of Driving and Traffic Research Center (IDTR) अन्तर्गत Office Building, HMV- LMV एवं Two Wheeler हेतु ई-ट्रैक निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग बिलासपुर के मो.नं. 8103002219 पर संपर्क करें।

S-44676/1 उपायुक्त

# टिफिन बम के साथ 4 नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय एरिया कमेटी के 4 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। सभी नक्सली 29 जून को कैम्प बेदरे के सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल रहे। इनके पास से एक टिफिन बम बरामद किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध पूर्व से थाना जगरगुण्डा में संगीन मामले के प्रकरण पंजीबद्ध है। सभी नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम बोड़नगुड़ा के निवासी है। इनकों गिरफ्तार करने में थाना जगरगुण्डा का बल एवं कैम्प बेदरे 165 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम रवाना हुई थी। इस दौरान ग्राम बोड़नगुड़ा बेदरे को घेराबंदी कर जगरगुण्डा एरिया कमेटी के सक्रिय 4 नक्सली तामु जोगा पिता तामु सुकलू , मिलिशिया सदस्य पुनेम बुधरा पिता स्व. पुनेम आयतु, मड़कम भीमा पिता मड़कम जोगा एवं मिड़यिम आयतु पिता मिडियम पोदिया मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल रहे है।

# मंदिरों में चोरी करने वाला आदतन चोर गिरफ्तार

**सिमगा।** जिला बलौदाबाजार भाटापारा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में साइकिल से जाकर चोरी करने वाले आदतन चोर को पकड़ने में सिमगा को सफलता मिली है। गत 20 जुलाई को थाना क्षेत्र के ग्राम तरपोंगा के मौली माता मंदिर में दान पेटी चोरी होने की रिपोर्ट प्रार्थी खोरबाहरा राम साहू 70 वर्ष ने सिमगा थाना में लिखाया था।

जिस पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाल कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पांच अन्य स्थानों में चोरी होने की जानकारी मिली। एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू ने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा सिमगा के अलावा तरेंगा भाटापारा



मंदिर से सोने चांदी व नकदी, ग्राम पेंड्री भाटापारा मंदिर से दानपेटी, वृंदावन कालोनी भाटापारा के मंदिर से दानपेटी एवं ग्राम टेमरी नांदघाट मंदिर से दानपेटी चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
**Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,**
**website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com**

**No.04-04/T-Veh./2025-26/837** **Raipur, dt. 23.07.2025**

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders in prescribed form are invited for **Hiring of Vehicle Category-I Car for the Chief Engineer (Civil), CSPGCL, Raipur** on monthly hiring basis, from the experienced travel agencies/firms on the terms & conditions detailed in the tender document. The tender documents can be obtained from the office of the undersigned on working day between 10:00 hrs. to 17:30 hrs as per following details:-

(I) Tender specification no. CEC/T-Veh./2025-26/79
(ii) NIT Value i/c 5% GST:- **Rs. 11.48 Lacs**
(iii) Last date of receipt of application:- **12.08.2025**
(iv) Last date of issue of tender form:- **13.08.2025**
(v) Last date of submission of tender:- **14.08.2025** Upto 16:00 Hrs
(vi) Due date of opening of tender:- **14.08.2025** at 16:15 Hrs.
(vii) Earnest Money Deposit:- **Rs.11,500.00**

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/ irj /portal.

SAVE ELECTRICITY

**Chief Engineer (Civil)**
**CSPGCL, Raipur**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) CIN-U40108CT2003SGC015822
कार्यालय कार्यपालक निदेशक (नि.का.एवं ऊ.प्र.), सीएसपीडीसीएल, रायपुर फोन नं– (0771) 2574441 फैक्स नं– (0771) 2574442

क्रमांक / 02–02 / अधी.अभि.–I / एफपीपीएएस / 1571 रायपुर, दिनांक 22.07.2025

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व के अवधारण हेतु अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबन्धन एवं शर्ते) (प्रथम संशोधन) विनियम 2023 में निहित प्रावधानों के अनुपालन में मई'2025 के ऊर्जा प्रभार पर बिल किए जाने वाले ईंधन और विद्युत कय समायोजन अधिभार (एफ.पी.पी.ए.एस.) की गणना (–0.12%) की गई है,जिसका लाभ जुलाई'2025 (बिलिंग माह मई'2025) में नीचे तालिका अनुसार किया जायेगा :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | समस्त श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये | मई '2025 की ऊर्जा प्रभार पर (–0.12%) दी जाने वाली छूट |

उपरोक्त एफ.पी.पी.ए.एस. का गणना प्रपत्र कंपनी की वेबसाइट **www.cspdcl.co.in** में प्रदर्शित है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें

कार्यपालक निदेशक(नि.का. एवं ऊ.प्र.)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.,रायपुर

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :- 23.07.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्रं. 1 सूरजपुर, स.क्रं. 2 से 4 जशपुर संभाग
03. स.क्रं. 1, 2 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स.क्रं. 3,4 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि स.क्र. 01- 11.08.2025 एवं स.क्रं. 2 से 4 - 14.08.2025

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 146 | विकासखण्ड ओड़गी के चेन्द्रा में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य का शेष कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) (भवन एस ओ आर दिनांक 01.06.2009 से प्रभावशील एवं 11.11. 2011 तक संशोधित) | 45.31 |
| 2 | 147 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 2 जशपुर एवं बगीचा के अंतर्गत विभिन्न मार्गो (मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग) में बी. टी. पैच रिपेयर का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 75.00 |
| 3 | 148 | जिला जशपुर के गड़ाकटा दुलदुला मार्ग के कि.मी. 12/8 (एल) से कुरूमकेली पहुंच मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 111.02 |
| 4 | 149 | जिला जशपुर के ठेठेटांगर से बरंगजोर मार्ग लंबाई 1.18 कि.मी. निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 129.98 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

G-252602386/3

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**

**//अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना//**

**निविदा क्रमांक /M-854/पुअ/ना.पुर/एसी-1/2025-26/ नारायणपुर, दिनांक 21/07/2025**

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र - अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ("डी" श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी । उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी ।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 01.08.2025 के 05:00 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति / जमा की अंतिम तिथि :- 02.08.2025 के 04:00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 03.08.2025 के संध्या 5:00 बजे
(4) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस- 0055, 800- अन्य प्राप्तियां)
(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- "डी" एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार ( प्रथम बार )
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | नवीन सुरक्षा कैम्प नेलाँगूर में नाईट लैण्डिग हेलीपेड निर्माण कार्य भाग -01 | 22.70 (लाख) | 45,400/- |
| 2 | नवीन सुरक्षा कैम्प नेलाँगूर में नाईट लैण्डिग हेलीपेड निर्माण कार्य भाग -02 | 20.22 (लाख) | 40,440/- |
| 3 | नवीन कैम्प कुतुल में रिस्पॉन्स टीम सेन्टर का निर्माण सह विद्युतीकरण कार्य भाग -01 | 24.39 (लाख) | 48,780/- |
| 4 | नवीन कैम्प कुतुल में रिस्पॉन्स टीम सेन्टर का निर्माण सह विद्युतीकरण कार्य भाग -02 | 24.72 (लाख) | 49,440/- |

**नोट :-** निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते है।

**पुलिस अधीक्षक,**
**नारायणपुर**

G- 252602376/3

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DIVISION MALEGAON**

**ONLINE E-TENDER NOTICE NO 19 FOR 2025-2026 [1st Call]**
**[Short Period of Time]**

Online E Tenders in B-1 form for the following work invited by Executive Engineer P.W. Division Malegaon Ravalgaon road Malegaon Camp Tal Malegaon Dist Nashik Phone No 02554-251912 for and on behalf of Governor of Maharashtra State from Capable and eligible P.W.Deptt. Registered/Unregistered Contractor or International Contactor whose Sub Company or Branch Located in India, and also completes terms and conditions mentioned in tender document can participate in the tender process. Tender Notice and Tender Documents are also available on our website https://mahatenders.gov.in. Right of Rejection of E-Tender/Cancellation of E-Tenders reserved by the Executive Engineer, P. W. Division, Malegaon. Conditional Tender will not be accepted.

E-Tender Notice including Total 03 (Three) works below 1000.00 Lakh. Details of mentioned E Tender Notice available on below websites

1) www.mahapwd.com 2)https://mahatenders.gov.in

| Tender Document Sale Start and End Date Time | 28/07/2025 | | To | 04/08/2025 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | From | 11:05 Hrs. | | Upto | 17:00 Hrs. |

**Note**

1. E-Tender Fee [non refundable] and Earnest Money will be accepted online only.
All eligible/ intrested Contractors are required to be enrolled on portal
2. https://mahatenders.gov.in before down loading tender documents and participate in e-tendering
3. Post Qualification Crieteria is applicable for all works.
Please Note this to all Registered Contractors

Sd/-
(Y.S. Korake)
Executive Engineer
Public Works Division Malegoan

DGIPR-2025-26/1820

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या – 09/RI/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 25.07.2025

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केतार | RWD/GARHWA/ 20/2024-25 (2ND Call) | ग्राम योगियावीर में मुख्य पथ से चिकनही होते हुए योगियावीर पूरब टोला स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (2.250 कि0मी0) | 332.941 | तीन करोड़ बत्तीस लाख चौरानबे हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 31.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.08.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–13.08.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 358236 (Rural Work Department) 25-26 (D)

**Government of jharkhand**
**Executive engineer, national highway division, chaibasa**
**Road construction department, jharkhand**

**Short term Notice inviting tender**

**NIT No. NH/CHAIBASA/PBMC/01/2025-26** **Dated 23.07.2025**

Application in the prescribed format eligible contractors for Request for proposal for Performance based Maintenance Contracts (PBMC) mode is invited for following project in two bid systems, (Technical & Financial).

| SL No. | Name of works | State | Length | Approximate cost (in lakh) | Cost of bid Document in Rs. | Bid Security (In Lakh) | Contract Duration (Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PMBC work of Existing Road from km 41.00 to 54.00 (except KM 49.00 to KM 52.800) of NH 220 in the state of Jharkhand | Jharkhand | 9.20 | 1022.51295 | 11,800/- | 10.23 | 60 |

**Important Dates.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Issue of Notice Inviting RFP | : | 23.07.2025 |
| 2 | Last Date of Receiving Quarries | : | 13.08.2025 |
| 3 | Pre-Bid Meeting at venue (as mentioned in RFP) | : | 14.08.2025 at 12:30 Hrs |
| 4 | Authority Response to Queries Latest by | : | 18.08.2025 |
| 5 | Period of State of Bid Document | : | From 05.08.2025 12:00 Hrs to 20.08.2025 upto 17:00 HRs Through official portal of : [https://eprocure.gov.in] |
| 6 | Bid Due Date | : | Date 20.08.2025 Up to 17:00 HRS Through official portal of : [https://eprocure.gov.in] |
| 7 | Last date of Physical submission of bid security, POA and other document in original | : | 21.08.2025 up to 15:00 HRS |
| 8 | Time and Date of Opening Technical Bid (RFP) | : | Date 21.08.2025 15:00 HRS Through official portal of : [https://eprocure.gov.in] |
| 9 | Time and Date of Opening Financial Bid | : | To be notify. Through official portal of : [https://eprocure.gov.in] |
| 10 | Please of Opening of Bids | : | Office of the Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi Through official portal of : [https://eprocure.gov.in] |
| 11 | Bid Validity | : | 120 Days From the Bid Due Date. |
| 12 | Officer Inviting Bids | : | Executive Engineer, National Highway Division, Chaibasa |

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,298 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि उसका मुनाफा भारत, यूरोप और अफ्रीका में बिक्री में मजबूत वृद्धि से बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका मुनाफा 1,178 करोड़ रुपये रहा था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूट 86.52 पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 86.52 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा।

### सोने में 500 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार तनाव कम होने और सुरक्षित निवेश की मांग में कमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह आज यह 500 रुपये टूटकर 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### वीएमएस टीएमटी को सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी



**नई दिल्ली।** वीएमएस टीएमटी लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। इस आईपीओ में 1.5 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे। शुद्ध आय में से 115 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज चुकाने और शेष राशि को सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए आवंटित करने का है।

### एम्बेसी रीट ने ऋणपत्र से जुटाए 2000 करोड़ रुपए

EMBASSY REIT

**नई दिल्ली।** एम्बेसी ऑफिस पार्क्स रीट ने अपने मौजूदा ऋणों के पुनर्वित्त और ब्याज लागत बचाने के लिए गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी कर 2,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एनसीडी 10 वर्ष की अवधि के लिए जारी किए गए हैं। 'कूपन' दर पहले पांच वर्षों के लिए 7.25 प्रतिशत और उसके बाद के पांच वर्षों के लिए 7.45 प्रतिशत है।

### एनएसडीएल के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

NSDL Technology, Trust & Reach

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने अपने 4,011 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 760 से 800 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा और एक अगस्त को संपन्न होगा। बड़े निवेशक 29 जुलाई को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ 5.01 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश पर आधारित है और इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे।

# एमजी मोटर ने ईवी स्पोर्ट्स कार 'साइबरस्टर' भारत में की लांच, कीमत 72.49 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी मोस्ट-अवेटेड इलेक्ट्रिक कार 'साइबरस्टर' को भारत में लांच कर दिया है। ये एक स्टाइलिश दो दरवाजों वाली ओपन छत (ड्रॉप-टॉप) कार है जो अब एमजी के प्रीमियम शोरूम एमजी सलेक्ट के जरिए देश के 13 शहरों में बेची जाएगी।

- फेरारी की लुक वाली यह कार देश के 13 शहरों में बेची जाएगी

जिन लोगों ने पहले से बुकिंग कर रखी थी उनके लिए कार की एक्स-शोरूम कीमत 72.49 लाख जबकि नई बुकिंग करने वालों के लिए 74.99 लाख रुपए रखी गई है। इस कार को कंपनी ने इस साल के भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दौरान भी शोकेस किया था, जहां इस कार ने खूब सूर्खियां बटोरी थी।

## ये एक स्टाइलिश दो दरवाजों वाली ओपन छत कार है

### 580 किमी का मिलेगा रेंज

ये कार सिर्फ 3.2 सेकंड में 0 से 100 की रफ्तार पकड़ लेती है। इसमें दो इलेक्ट्रिक मोटर लगी हैं और ये ऑल व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) के साथ आती है। इसमें 77 किलोवॉटघंटे की बैटरी है जो एक बार चार्ज करने पर करीब 580 किलोमीटर तक चल सकती है। इसके दरवाजे कैंची जैसे ऊपर की तरफ खुलते हैं और इसके अंदर तीन स्क्रीन वाला कॉकपिट, बोस का म्यूजिक सिस्टम, और शानदार सीट मैटेरियल जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलते हैं।



### सेंसर से लैस हैं ये सीजर डोर्स

एमजी मोटर का कहना है कि इन दरवाजों को खुलने में 5 सेकंड से भी कम समय लगता है। इन दरवाजों में सेफ्टी सेंसर भी लगाए गए हैं। जिससे यदि इन दरवाजों के आसपास खड़े होने या इनके खुलते या बंद होते वक्त यदि कोई ऑब्जेक्ट बीच में आता है तो ये दरवाजे ऑटोमेटिकली रूक जाते हैं। इससे इनमें हाथ या शरीर के किसी भी अंग के दबने का कोई खतरा नहीं होता है। ऐसा सेफ्टी के लिहाज से किया गया है।

### क्या कहती है कंपनी

लांच पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि, "एमजी साइबरस्टर एक खास सोच को जमीन पर उतारने वाली कार है। इसे परफॉर्मेंस के हिसाब से तैयार किया गया है और इसका डिजाइन ऐसा है कि लोग इसे लंबे समय तक याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि पहले लोग रोडस्टर कार को एक सपना मानते थे लेकिन अब साइबरस्टर के जरिए वो सपना हकीकत बन गया है। यह कार खुली सड़क की आजादी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई है।"

## श्रम मंत्रालय ने इस योजना की दी जानकारी

# 1 अगस्त से शुरू होगी रोजगार प्रोत्साहन योजना, दो साल में 3.5 करोड़ रोजगार का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' एक अगस्त, 2025 से लागू होगी। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी थी।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। कुल 99,446 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना' (पीएमवीबीआरवाई) का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगे।

### अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक सृजित नौकरियों पर होगा लागू

इस योजना का लाभ एक अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 के बीच सृजित होने वाली नौकरियों पर लागू होगा। बयान के अनुसार, रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना एक अगस्त, 2025 से 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' (पीएम-वीबीआरवाई) के रूप में लागू होगी। यह नाम विकासशील भारत पहल के प्रति योजना के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप है और देश में समावेशी और पर्यावरण अनुकूल रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- कैबिनेट ने इस योजना को दी थी मंजूरी
- योजना का उद्देश्य देश में रोजगार सजृन को प्रोत्साहित करना
- कुल 99,446 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली योजना

### पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी

पहली किस्त छह माह की सेवा के बाद देय होगी जबकि दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए इस प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में इसे निकाला जा सकेगा।




### कम से कम छह माह तक लगातार रोजगार

सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक लगातार रोजगार देने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए, दो वर्षों तक 3000 रुपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए, प्रोत्साहन राशि को तीसरे और चौथे वर्ष के लिए भी बढ़ाया जाएगा।

### विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

इस भाग में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ता एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि प्राप्त करेंगे।

### विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार का होगा सजृन

नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित करने वाली इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नए रोजगार सृजन के लिए लाभ प्रदान करना है। यह रोजगार-आधारित विकास के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को गति देने की भारत की रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित होगा

इस योजना के दो हिस्से हैं। भाग 'ए' पहली बार निवेश करने वालों पर केंद्रित है जबकि भाग 'बी' नियोक्ताओं पर केंद्रित है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पहली बार पंजीकृत होने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए भाग 'ए' के तहत 15,000 रुपये तक का एक महीने का ईपीएफ अंशदान दो किस्तों में मिलेगा। एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे।

# मुद्रास्फीति, वृद्धि की संभावनाओं से तय होगी ब्याज दर में कटौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आरबीआई गवर्नर ने कहा, वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि मुद्रास्फीति और वृद्धि की संभावनाएं भविष्य में ब्याज दर कटौती तय करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान आंकड़े इस फैसले को प्रभावित नहीं करेंगे। गौरतलब है कि जून में मुद्रास्फीति में भारी गिरावट आई है।

मल्होत्रा ने यहां 'एफई मॉडर्न बीएफएसआई शिखर सम्मेलन' में कहा कि आरबीआई की दरों में कटौती से परिसंपत्तियों में उछाल नहीं आएगा और केंद्रीय बैंक के पास अर्थव्यवस्था की मदद के लिए दरों में कटौती के अलावा और भी कई उपाय मौजूद हैं। गौरतलब है कि आरबीआई ने इस साल अपनी प्रमुख उधारी दरों में एक प्रतिशत की कटौती की, और आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि प्रमुख मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई है। ऐसे में आगे और नरमी की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

### इस साल ऋण दरों में आधा प्रतिशत की कमी

जून तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस साल बैंकों ने ऋण दरों में लगभग आधा प्रतिशत की कमी की है। जबकि रिजर्व बैंक ने फरवरी से लेकर अबतक नीतिगत दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है।
मल्होत्रा ने कहा कि दरों में कटौती का मकसद ऋण वृद्धि को बढ़ाना है, और उन्होंने भरोसा जताया कि इससे परिसंपत्ति 'बुलबुले' नहीं बनेंगे।

# भारत ने एथेनॉल मिश्रम लक्ष्य पांच वर्ष पहले पाया : इस्मा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच साल पहले ही हासिल कर लिया है। भारतीय चीनी एवं जैव ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रशासन के तहत 2014 में कार्यक्रम की शुरुआत के समय की मामूली 1.5 प्रतिशत मिश्रण दर के बाद उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है।

चीनी उद्योग निकाय इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने पर्याप्त आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान किए हैं। एथनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661 करोड़ लीटर हो गया, जबकि कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 698 लाख टन की कमी आई। इस कार्यक्रम ने भारत के कृषि क्षेत्र को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ प्रदान किया है, जिससे किसानों को 1.18 लाख करोड़ रुपये और 'डिस्टिलरी' को 1.96 लाख करोड़ रुपये की आय हुई है। इस पहल से भारत को विदेशी मुद्रा लागत में 1.36 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में भी मदद मिली है।

isma Indian Sugar & Bio-Energy Manufacturers Association

- भारत ने पेट्रोल में 20 फीसदी मिश्रण का लक्ष्य तय किया था

### चीनी उद्योग ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

इस्मा के अनुसार, चीनी उद्योग ने भारत के एथनॉल से होने वाले आर्थिक मुनाफे में केंद्रीय भूमिका निभाई है तथा गन्ने के रस, बी-भारी शीरा एवं अन्य कृषि उप-उत्पादों से प्राप्त जैव ईंधन की आपूर्ति की है। उद्योग संघ ने कहा कि मूल रूप से 2030 के लिए निर्धारित 20 प्रतिशत के मिश्रण लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना ग्रामीण आर्थिक वृद्धि को समर्थन देते हुए जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता कम करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी फीनिक्स

CPP Investments

**नई दिल्ली।** फीनिक्स मिल्स लिमिटेड अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी आइलैंड स्टार मॉल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आईएसएमडीपीएल) में सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स से 5,450 करोड़ रुपये में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। फिलहाल, फीनिक्स मिल्स और कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स) के पास आईएसएमडीपीएल में क्रमशः 51 प्रतिशत और 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस सौदे के पूरा होने के बाद, आईएसएमडीपीएल में कंपनी की हिस्सेदारी मौजूदा 51 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी खुदरा-आधारित मिश्रित-उपयोग वाले गंतव्यों का विकास करती है। सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स और आईएसएमडीपीएल ने इस संयुक्त उद्यम से सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स को बाहर निकलने का रास्ता प्रदान करने के लिए एक समझौता किया है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए से कई क्षेत्रों में निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा

- विशेषज्ञों का मानना, सबसे बड़ा फायदा ब्रिटेन की स्कॉच निर्माता को

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने से भारतीय निर्यात को उपभोक्ता वस्तुओं, सौंदर्य प्रसाधनों और परिधान जैसे क्षेत्रों में बढ़ावा मिलेगा।

विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि बृहस्पतिवार को लंदन में संपन्न हुए इस समझौते का सबसे बड़ा फायदा ब्रिटेन की स्कॉच विनिर्माता होंगी क्योंकि उनके उच्च आयात शुल्क में भारी कमी आएगी। डेलॉयट इंडिया के साझेदार आनंद रामनाथन ने कहा कि इस समझौते के कारण भारत का विकसित व्हिस्की बाजार स्थापित एवं नई दोनों तरह की कंपनियों को वैश्विक पोर्टफोलियो विस्तार के लिए प्रोत्साहित करेगा। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सेवाओं के व्यापार में भारत को आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवाओं, व्यावसायिक सेवाओं और शैक्षिक सेवाओं जैसे क्षेत्रों में ब्रिटेन की प्रतिबद्धताओं से फायदा होगा।

*श्रम बहुल क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा : ईवाई इंडिया के व्यापार नीति प्रमुख अग्नेश्वर सेन ने कहा कि यह व्यापार समझौता वस्त्रों एवं वाहन कलपुर्जों से लेकर समुद्री भोजन एवं आभूषणों जैसे प्रमुख भारतीय निर्यातों पर से शुल्क हटा देगा, जिससे श्रम-बहुल क्षेत्रों, एमएसएमई एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।*

## आईटीसी नई विनिर्माण इकाइयों में करेगी निवेश...




*कोलकाता। आईटीसी लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विनिर्माण उपस्थिति बढ़ाने के लिए मध्यम अवधि में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के चेयरमैन संजीव पुरी ने शुक्रवार को वार्षिक आम बैठक में कहा कि कंपनी ने अपनी विकास रणनीति के तहत हाल के वर्षों में आठ नई विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं। पुरी ने कहा कि कंपनी अपनी "भारत पहले" रणनीति को प्राथमिकता देगी। विदेशों में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने से पहले घरेलू उपस्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि नए ब्रांड पेश करने का उद्देश्य मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है। पुरी ने कहा कि कंपनी का 65 प्रतिशत राजस्व सिगरेट से इतर अन्य कारोबारों से आता है।*

# बिकवाली दबाव में बाजार एक माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 721 अंक और निफ्टी 225 अंक फिसला
- विदेशी संस्थाओं ने लगातार पूंजी निकासी जारी रखी
- वित्तीय, आईटी और तेल-गैस शेयरों में रही बिकवाली

विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच वित्तीय, आईटी और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 721 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 721.08 अंक टूटकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 786.48 अंक गिरकर 81,397.69 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी बिकवाली के दबाव में 225.10 अंक की गिरावट के साथ एक महीने के निचले स्तर 24,837 अंक पर आ गया।विश्लेषकों ने कहा कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते 294.64 अंक और निफ्टी में 131.4 अंक की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद सर्वाधिक 4.73 प्रतिशत की गिरावट आई। पावर ग्रिड, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ सन फार्मा और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

*एफआईआई ने शार्ट पोजीशन रखी : जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"कंपनियों के नरम तिमाही नतीजों और निराशाजनक वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली हुई।*

### दो दिन में निवेशकों को 8.67 लाख करोड़ रुपए की चपत

शेयर बाजार में दो दिनों की तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 8.67 लाख करोड़ रुपये घट गई। शेयरों में तेज गिरावट के बाद, बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो दिनों में 8,67,406.75 करोड़ रुपये घटकर 4,51,67,858.16 करोड़ रुपये (5,220 अरब डॉलर) पर आ गया। बीएसई में 2,892 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,117 शेयरों में तेजी रही और 145 शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे।

## लोगों को अपने बैंक मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करना होगा

# अब बैंक एसएमएस ओटीपी को अलविदा कहने वाले हैं?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुबई में बैंक एसएमएस या ईमेल के जरिए भेजे जाने वाले ओटीपी सिस्टम को खत्म कर देंगे। इसके बजाय, लोगों को डिजिटल ट्रांजैक्शन को अप्रूव या रिजेक्ट करने के लिए अपने बैंक के मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करना होगा।

धीरे-धीरे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सभी बैंकों में इस बदलाव को अपनाया जा रहा है और इसकी डेडलाइन 31 मार्च, 2026 है यानी कि इस समय तक सभी बैंकों को ट्रांजैक्शन ऑथेन्टिकेशन के लिए एसएमएस और ईमेल के इस्तेमाल को बंद करना होगा। यह निर्देश यूएई के सेंट्रल बैंक ने दिया है।

### हर रोज 50 हजार से अधिक साइबर अटैक की घटनाएं

यूएई साइबर सिक्योरिटी काउंसिल के मुताबिक, यहां सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं से हर रोज 50,000 से ज्यादा साइबर अटैक की घटनाएं सामने आती हैं। यूएई के साइबर सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, 2024 में रैंसमवेयर हमलों में 32 परसेंट का उछाल आया है। रैनसमवेयर की घटनाएं भी 2023 में 27 से बढ़कर 2024 के जनवरी-नवंबर में 34 हो गईं।

### यह बदलाव सिक्योरिटी और मजबूत बनाने में किया जाता है




*क्यों लाया जा रहा यह बदलाव? : यह बदलाव सिक्योरिटी को और मजबूत बनाने और फ्रॉड के जोखिम को कम करने के लिए लाया जा रहा है क्योंकि बैंकिंग सिस्टम में साइबर अटैक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। साइबर ठग फिशिंग और सिम-स्वैपिंग से लेकर रैंसमवेयर तक के लिए इसी ओटीपी का इस्तेमाल करते हैं।*

*कस्टमर्स के लिए ये दो काम जरूरी : कुल मिलाकर अब जब आप डिजिटली ट्रांजैक्शन करेंगे, तो आपके बैंक ऐप पर नोटिफिकेशन आएगा। इसमें आपको ट्रांजैक्शन को अप्रूव या रिजेक्ट करने के लिए कहा जाएगा इसलिए बैंक ऐप का फोन पर इंस्टॉल होना और नोटिफिकेशन का टर्न ऑन होना जरूरी है।*

### साइबर अपराधी ओटीपी को हाइजैक कर रहे

साइबर अपराधी ओटीपी हाइजैक करने के लिए फिशिंग, सिम-स्वैपिंग या मैलवेयर जैसे तमाम हथकंडे अपनाते हैं। कई बार यूजर्स जाने-अनजाने में स्कैमर्स को कोड बता देते हैं, जिससे देखते ही देखते अकाउंट खाली हो जाता है या पैसा विदेश में ट्रांसफर कर दिया जाता है।

### पासवर्ड्स भेजने का काम धीरे-धीरे बंद होगा

लोकल न्यूज आउटलेट इमारात अल यूम के मुताबिक, सेंट्रल बैंक की तरफ से बैंकों को कहा गया है, यूएई के सेंट्रल बैंक के निर्देशों के आधार पर टेक्स्ट मैसेज या ईमेल के जरिए पासवर्ड भेजने का काम धीरे-धीरे बंद हो जाएगा। कस्टमर्स अब 'ऑथेंटिकेशन वाया मोबाइल एप्लीकेशन फीचर' को चुनकर स्मार्ट एप्लिकेशन के जरिए आसानी से इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन कर सकेंगे।

# शतरंज की दुनिया में भारत के लिए ऐतिहासिक पल, महिला विश्व कप की ट्रॉफी पहली बार देश में आएगी

बातुमी (जॉर्जिया)। स्टार महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख शनिवार को होने वाले फिडे महिला विश्व कप फाइनल में एक-दूसरे के सामने होंगी, जिससे पहली बार इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी विजेता बनेगा। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहली बार है जब दो भारतीय फाइनल में आमने-सामने होंगी।

## फिडे महिला विश्व कप : हम्पी का अपने से आधी उम्र की हमवतन दिव्या से होगा मुकाबला

### शतरंज प्रेमियों के लिए खुशी का पल अब खिताब भारत के पास आएगा

हम्पी ने कहा, 'शतरंज प्रेमियों के लिए यह सबसे खुशी के पलों में से एक है क्योंकि अब खिताब निश्चित रूप से भारत के पास जाएगा। लेकिन निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के रूप में कल का मैच भी काफी कठिन होगा। दिव्या ने इस पूरे टूर्नामेंट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।' हम्पी से आधी उम्र की अंतरराष्ट्रीय मास्टर देशमुख इस प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर उलटफेर कर चुकी हैं। उनका पहला शिकार चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जिनर झू थीं, जिन्होंने डी. हरिका को बाहर कर दिया था। नागपुर की 19 वर्षीय देशमुख ने सेमीफाइनल में चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को हराया।



### विजेता को मिलेंगे 50 हजार अमेरिकी डॉलर

टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर और दूसरे स्थान पर रहने वाले को 35 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। दोनों भारतीयों ने अगले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आठ खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले विश्व महिला चैंपियनशिप मैच में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा।



### मैं और बेहतर खेल सकती थी : दिव्या

दिव्या फाइनल में पहुंचने के बाद कहा, 'मुझे बस थोड़ी नींद और थोड़ा खाना चाहिए। इन दिनों मैं काफी चिंतित हूं।' देशमुख ने अपनी सेमीफाइनल बाजी के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि मैं और बेहतर खेल सकती थी। एक समय मैं जीत रही थी और फिर चीजें मुश्किल हो गईं। मुझे लगता है कि मैंने बीच में गलती कर दी, वर्ना मुझे और भी आसान जीत मिल सकती थी।' उन्होंने कहा, 'मुझे लग रहा था कि यह ड्रॉ रहेगा। पर अंत में मैं भाग्यशाली रही।' हम्पी को प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक ने टाईब्रेकर तक खींचा और इसके बाद उन्होंने युक्सिन सोंग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

### महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए किया क्वालीफाई

हम्पी और देशमुख दोनों ने यहां फाइनल में पहुंचकर अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बड़े मुकाबलों में खेलने के अपने अनुभव के आधार पर हम्पी फाइनल में हमवतन देशमुख के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। हम्पी ने बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में हराकर जीत हासिल की जबकि देशमुख ने अंतिम-चार चरण के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की ही झोंगयी टैन को हराया। अड़तीस वर्षीय ग्रैंडमास्टर हम्पी विश्व महिला रैपिड टूर्नामेंट की विजेता थीं और हाल में महिला ग्रां प्री में भी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं।

### हम्पी का दृढ़ संकल्प और प्रतिभा सराहनीयः नायडू

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य की खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ संकल्प और प्रतिभा सराहनीय है। नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को फिडे महिला शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई।' मुख्यमंत्री ने उन्हें फाइनल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। फाइनल में उनका सामना हमवतन दिव्या देशमुख से होगा।

## खबर संक्षेप



### यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच बने नायर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की फ्रेंचाइजी यूपी वारियर्स ने अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। नायर को हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के सहायक कोच के पद से हटा दिया गया था। वह एक साल से भी कम समय तक भारतीय टीम से जुड़े रहे। वॉरियर्स में वह जॉन लुईस की जगह लेंगे, जिनसे फ्रेंचाइजी ने हाल में नाता तोड़ दिया था। यह पहला अवसर नहीं है जबकि नायर वॉरियर्स की टीम के साथ काम करेंगे। वह टूर्नामेंट के पहले सत्र के दौरान भी टीम की मदद कर चुके हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने वाले नायर ने 2019 में संन्यास लेने से पहले भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच भी खेले। इसके बाद वह कोचिंग से जुड़ गए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में जब आईपीएल का खिताब जीता था तब नायर उसके सहायक कोच थे। उन्होंने 2018 में केकेआर अकादमी के कोच के रूप में भी काम किया है और 2022 में कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के मुख्य कोच थे।

## चौथा टेस्ट : मेजबान टीम के सात विकेट पर 544 रन, मुश्किल में टीम इंडिया

# इंग्लैंड ने कसा शिकंजा, 186 रनों की बनाई बढ़त, रूट का रिकॉर्ड तोड़ शतक

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

जो रूट (150) के 38वें टेस्ट शतक से इंग्लैंड ने पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 544 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। भारत की पहली पारी 358 रन पर सिमटी थी, जिससे इंग्लैंड की कुल बढ़त अब 186 रन की हो गई और उसके तीन विकेट शेष है। स्टंप्स के समय इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 77 रन पर खेल रहे थे जबकि लियाम डॉसन 21 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। रूट ने अपनी इस यादगार पारी के दौरान ओली पोप (71) के साथ तीसरे विकेट के लिए 144 और बेन स्टोक्स के साथ 142 रन की साझेदारी की। रूट ने अपनी 248 गेंद की शानदार पारी के दौरान 14 चौके लगाने के साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।

### चौथे दिन बल्लेबाजी मुश्किल

पिच की असमान उछाल को देखते हुए इंग्लैंड की कोशिश बड़ी बढ़त कायम कर भारत पर दबाव बनाने की होगी क्योंकि मैच के चौथे और पांचवें दिन गेंद के नीचे रहने के कारण बल्लेबाजी और मुश्किल होती जाएगी।



### टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी

रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। रूट ने जैसे ही 120 रन पूरे किए, वो रिकी पॉन्टिंग, राहुल द्रविड़ और जैक कैलिस को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 13379 रन पर पहुंचते ही ये मुकाम हासिल किया।

### रूट ने ब्रेडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा

जो रूट ने भारत के खिलाफ अपने घर पर टेस्ट क्रिकेट में 9 टेस्ट शतक लगाए है। अपने घर पर एक टीम के खिलाफ किसी बल्लेबाज के ये सबसे ज्यादा टेस्ट शतक हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन को पीछे छोड़ दिया है। ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर पर 8 टेस्ट शतक लगाए थे।

### पूरे किए 38 टेस्ट शतक

रूट अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। रूट ने कुमार संगकारा के 38 टेस्ट शतकों की बराबरी कर ली है।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 358

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली का राहुल बो जडेजा | 84 | 113 | 13 | 1 |
| बेन डकेट का (जुरेल) बो कंबोज | 94 | 100 | 13 | 0 |
| ओली पोप का राहुल बो सुंदर | 71 | 128 | 7 | 0 |
| जो रूट स्टंप (जुरेल) बो जडेजा | 150 | 248 | 14 | 0 |
| हैरी ब्रुक स्टंप (जुरेल) बो सुंदर | 03 | 12 | 0 | 0 |
| बेन स्टोक्स नाबाद | 77 | 134 | 6 | 0 |
| जैमी स्मिथ का (जुरेल) बो बुमराह | 09 | 19 | 1 | 0 |
| लियाम डॉसन नाबाद | 21 | 52 | 2 | 0 |
| क्रिस वोक्स बो सिराज | 04 | 17 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 31, कुल : 135 ओवर में 544/7 रन

गेंदबाजी: बुमराह 28-5-95-1, कंबोज 18-1-89-1, सिराज 26-4-113-1, शारदुल 11-0-55-0, जडेजा 33-0-117-2, सुंदर 19-4-57-2

### एक टीम के विरुद्ध सर्वाधिक टेस्ट शतक

19- डॉन ब्रैडमैन (ऑस्ट्रेलिया) बनाम इंग्लैंड
13- सुनील गावस्कर (भारत) बनाम वेस्टइंडीज
12- जैक हॉब्स (इंग्लैंड) बनाम ऑस्ट्रेलिया
12- स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया) बनाम इंग्लैंड
12- जो रूट (इंग्लैंड) बनाम भारत

### टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन

15921- सचिन तेंदुलकर (भारत)
13379*- जो रूट (इंग्लैंड)
13378- रिकी पोंटिंग (ऑस्ट्रेलिया)

## डेविस कप

# स्विट्जरलैंड दौरे के लिए टीम घोषित, नागल-युकी की वापसी





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की दो साल के अंतराल तो वहीं युगल खिलाड़ी युकी भांबरी की पिछले दो मुकाबलों से बाहर रहने के बाद डेविस कप टीम में वापसी हुई। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने स्विट्जरलैंड की मेजबानी में होने वाले मैच के लिए आठ सदस्यीय टीम का चयन किया है। भारत 12 सितंबर से इंडोर कोर्ट पर खेले जाने वाले विश्व ग्रुप एक के पहले दौर के मुकाबले के लिए बील शहर की यात्रा करेगा।

### इन खिलाड़ी को मौका

नागल (विश्व रैंक 306) के अलावा करण सिंह (403) और युवा आर्यन शाह (442) को एकल खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। शशिकुमार मुकुंद (463) और प्रतिभावान दक्षिणेश्वर सुरेश (790) इस मुकाबले के लिए रिजर्व (वैकल्पिक) एकल खिलाड़ी होंगे। शीर्ष रैंक वाले भारतीय युकी (विश्व रैंक 35) और एन श्रीराम बालाजी (75) युगल खिलाड़ी के रूप में टीम में चुने गए हैं, जिसमें ऋत्विक बोलिपल्ली (77) रिजर्व खिलाड़ी होंगे। नागल का खेल धीमी कोर्ट के लिए सबसे उपयुक्त है।

### रामकुमार रामनाथन टीम से बाहर

डेविस कप के पूर्व कोच नंदन बल के नेतृत्व वाली चयन समिति ने रामकुमार रामनाथन को टीम से बाहर कर दिया। उनका बाहर किया जाना अपेक्षित था क्योंकि 30 वर्षीय खिलाड़ी इस सत्र में अच्छी लय में नहीं है। भारत ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप के तीन मुकाबलों में दो बार जीत हासिल की है। पिछली बार दोनों टीमें 1993 में कलकत्ता साउथ क्लब के ग्रास कोर्ट पर भिड़ी थीं, जहां मेजबान भारत ने स्विट्जरलैंड को 3-2 से हराया था। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम 2026 डेविस कप क्वालिफायर में प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि हारने वाले देश को अगले साल विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ में वापस जाना होगा।

### डेविस कप टीम

**एकल :** सुमित नागल, करण सिंह और आर्यन शाह।
**युगल :** युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी।
**रिजर्व :** दक्षिणेश्वर सुरेश, शशिकुमार मुकुंद और रित्विक बोलीपल्ली।

## चाइना ओपन

# सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी , उन्नति हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| चांग्झू (चीन)

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने चाइना ओपन सुपर 1000 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, लेकिन उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नती हुड्डा का शानदार सफर समाप्त हो गया। एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ को 40 मिनट में 21-18, 21-14 से आसानी से हरा दिया। इस जीत के साथ सात्विक-चिराग का मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 7-3 का जीत हार का रिकॉर्ड हो गया है।



### उन्नति नहीं रख पाई लय बरकरार

भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार उन्नति हुड्डा का चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में जापान की विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। पिछले दौर में अपनी आदर्श खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को हराने वाली 17 वर्षीय हुड्डा क्वार्टर फाइनल में जापान की खिलाड़ी से 33 मिनट तक चले मैच में 16-21, 12-21 से हार गईं। हुड्डा के बाहर होने के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का एकल में अभियान समाप्त हो गया।

# विश्व विश्वविद्यालय खेल : परनीत-दलाल ने मिश्रित कंपाउंड में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| राइन-रूहर (जर्मनी)

भारत की परनीत कौर और कुशल दलाल ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) की मिश्रित कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येरिन पार्क और सेउंगह्यून पार्क को हराकर स्वर्ण पदक जीता। परनीत और दलाल की जीत से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

दिन में तीरंदाजी टीम स्पर्धाओं में भारत ने दो अन्य पदक भी जीते। इन दोनों तीरंदाजों को निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि दलाल को पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि एशियाई खेलों की टीम स्वर्ण पदक विजेता परनीत ने महिला टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने मिश्रित जोड़ी स्पर्धा में 157-154 से जीत हासिल की।



### भारत और पदक जीतने की दौड़ में

भारत और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है, जिसमें दलाल और जाधव शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत सेमीफाइनल के लिए तैयार हैं। परनीत भी व्यक्तिगत पोडियम स्थान पर नजर गड़ाए हुए हैं और सेमीफाइनल में उनका सामना दक्षिण कोरिया की एस किम से होगा।

### पुरुष टीम महज एक अंक से हारी

इससे पहले परनीत, अवनीत कौर और मधुरा धामनगांवकर की महिला कंपाउंड टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में ब्रिटेन की क्लो एबियर, हैली बोल्टन और ग्रेस चैपल को 232-224 से हराकर भारत का खाता खोला। दलाल, साहिल जाधव और ऋतिक शर्मा की पुरुष कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंच गई और 174-174 की बराबरी पर थी लेकिन तुर्की के बाउहान अक्काओग्लू, यूनुस एमरे अर्सलान और याकुम यिल्डिज से महज एक अंक से हार गई।

### देव मीणा ने फाइनल में बनाई जगह

**बोचुम (जर्मनी)।** देव कुमार मीणा ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में 5.40 मीटर के प्रयास के साथ पोल वॉल्ट में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इस 20 साल के खिलाड़ी ने ग्रुप एक क्वालिफिकेशन चरण में पांचवां और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया। उन्होंने अप्रैल में कोच्चि में फेडरेशन कप के दौरान बनाए गए अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 5.35 मीटर में 0.05 मीटर का सुधार किया। उन्होंने 5.05 मीटर से शुरुआत करते हुए इसे अपने पहले प्रयास में पार कर लिया।



## डीसी ओपन : वीनस हारकर बाहर



वाशिंगटन। वीनस विलियम्स की डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार के साथ ही 2019 के बाद लगातार दूसरा मैच जीतने की उम्मीद टूट गई। पिछले एक साल से भी अधिक समय में किसी टूर्नामेंट में भाग ले रही वीनस को दूसरे दौर के मैच में विश्व की 24वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मैग्डेलेना फ्रेच ने 6-2, 6-2 से पराजित किया। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने मैच के बाद कहा, 'मैंने यहां खेलने का पूरा आनंद उठाया। निश्चित रूप से परिणाम मेरे अनुकूल नहीं रहा लेकिन मुझे यहां काफी कुछ सीखने को मिला।

# ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी हॉकी टीम तय हुई चार मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एशिया कप की तैयारियों के तहत 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 15, 16, 19 और 21 अगस्त को छठे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की टीम का सामना करेगी। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। एशिया कप का आयोजन 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का विजेता अगले वर्ष के एफआईएच विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा।



### बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** महिला बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की लेकिन संकेत दिया कि वह किसी अन्य भूमिका में खेल से जुड़ी रहेंगी। वेदा ने 48 वनडे और 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने क्रमशः 829 और 875 रन बनाए हैं। वेदा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'एक छोटे शहर की बड़े सपने रखने वाली लड़की से लेकर गर्व से भारतीय टीम की जर्सी पहनने तक।

**आम सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके है, हम 06 अगस्त, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: दुर्ग-इंदिरा मार्केट | |
| 552757000038 | नितिन वर्मा |
| शाखा का नाम: जगदलपुर | |
| 108562012774 | सौरव मंडल |
| शाखा का नाम: जगदलपुर II | |
| 443162001372 | संतोष कोस्टा |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: पत्थलगांव | |
| 782162000101 | तृप्ति पाण्डेय |
| शाखा का नाम: रायपुर- सुंदर नगर | |
| 409557000012 | पारख साहू |
| 409557000023 | जितेन्द्र कुमार साहू |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: रायपुर- पचपेड़ीनाका | |
| 134657000025 | हर्षित सिंह |
| शाखा का नाम: सक्ती | |
| 444557000066 | परमेश्वर चंद्रा |

दिनांक: 26.07.2025
स्थान: बस्तर, दुर्ग, जशपुर, रायपुर, सक्ती

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार. अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्रीमती कवाडकर ज्योति**, मकान खसरा नं. 225/36, प.ह.नं. 114/45, नया प.ह.नं. 69, मौजा अमलीडीह, वार्ड क्रमांक 52, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, पुष्पांजलि कॉलोनी, रायपुर छ.ग. 492001. **श्रीमती कवाडकर ज्योति**, सी-190ए, शैलेन्द्र नगर, पोस्ट जय स्तंभ चौक, बूढ़ी माता मंदिर के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001. **श्रीमती कवाडकर ज्योति**, फरिश्ता अस्पताल, सिविल लाइन्स, कोटारा तालाब, रायपुर छ.ग. 492014. **श्री कवाडकर प्रणय**, सी-190ए, शैलेन्द्र नगर, पोस्ट जय स्तंभ चौक - रायपुर, बूढ़ी माता मंदिर के पास, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत. **श्री कवाडकर प्रणय**, मकान खसरा नं. 225/36, प.ह.नं. 114/45, नया प.ह.नं. 69, मौजा अमलीडीह, वार्ड क्रमांक 52, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, पुष्पांजलि कॉलोनी, रायपुर छ.ग. 492001. | ₹ 18,73,917/- as on 30-जून-25 | 16 जुलाई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त मकान खसरा नं. 225/36, प.ह.नं. पुराना 114/45, नया प.ह.नं. 69, मौजा अमलीडीह, वार्ड क्रमांक 52, रानिमं- रायपुर 2, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, पुष्पांजलि कॉलोनी, तहसील एवं जिला- रायपुर, छ.ग. |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर
दिनांक : 26.07.2025

पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# जापान ने बनाया जादुई प्लास्टिक...समुद्र में जाते ही कुछ घंटों में हो जाएगा छूमंतर

**टोक्यो।** समुद्र में रोजाना करोड़ों टन प्लास्टिक जाता है जिससे समुद्री जीवों को बहुत परेशानी होती है जिससे उनकी जान पर भी आफत बन जाती है। यहीं प्लास्टिक हमारे खाने में भी घुल-मिल जाता है। लेकिन, जापान से अच्छी खबर आ रही है, वैज्ञानिकों ने ऐसा नया प्लास्टिक बनाया है जो समुद्र के खारे पानी में कुछ ही घंटों में घुल जाता है।



### क्या होगा इसका फायदा?

इसके फायदों के बारे में आपको बताएं तो यह प्लास्टिक कोई जहरीला या माइक्रोप्लास्टिक का टुकड़ा नहीं छोड़ता। इस नई खोज से समुद्र को साफ करने में मदद मिल सकती है। साथ ही भविष्य में प्लास्टिक की बड़ी समस्या को कम करने के शानदार तरीकों के बारे में भी सोचा जा सकता है।

### कैसे काम करता है नया प्लास्टिक?

आपको बता दें कि ये देखने में बिल्कुल किसी आम प्लास्टिक जैसा ही लगता है जो पेट्रोल से बनता है, हालांकि इसके काम करने का तरीका बिल्कुल ही अलग है। इस प्लास्टिक की सबसे बड़ी खासियत है कि जब ये नमक वाले पानी के संपर्क में आता है तो अपने असली छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है। इसके बाद पानी में रहने वाले बैक्टीरिया इन हिस्सों को पूरी तरह खत्म कर देते हैं।



### किसने की ये अनोखी खोज?

इस अनोखी खोज को जापान के वैज्ञानिकों ने सफल बनाया है। ये प्लास्टिक समुद्र के खारे पानी में कुछ ही घंटों में पूरी तरह से घुल जाता है। इसकी सबसे अच्छी बात है कि ये किसी तरह का जहरीला पदार्थ नहीं छोड़ता और ना ही इसके माइक्रोप्लास्टिक बचते हैं। इसे टोक्यो विश्वविद्यालय और रिकेन सेंटर के वैज्ञानिकों ने मिलकर तैयार किया है।

### कितने दिन में गल जाता है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि ये नया प्लास्टिक समुद्र के पानी में ही नहीं, बल्कि नमक वाली जमीन में भी धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। अगर इसे मिट्टी में रखा जाए तो 8 दिन में पूरी तरह गल जाता है। इसके अलावा यह जहरीला नहीं है, जलने पर कार्बन डाइऑक्साइड नहीं छोड़ता और पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचाता। दुनिया में सबसे ज्यादा प्लास्टिक भारत फैलाता है जो करीब 5.8 मिलियन टन है।

## रोचक खबरें

### तलाक के गम में ऐसा डूबा शख्स, छोड़ा खाना-पानी, 1 महीने पी सिर्फ बीयर

**बैंकाक।** जब रिश्ता टूटता है तो आवाज नहीं होती है, मगर इंसान अंदर से पूरी तरह टूट जाता है। एक थाइलैंड के शख्स के साथ भी ऐसा ही हुआ। ये शख्स अपने तलाक से इतना परेशान हो गया कि गम में डूबा रहा और 1 महीने उसने सिर्फ बीयर पी। उसके बाद जो हुआ, वो कोई सोच भी नहीं सकता। इस वजह से वर्ल्ड मीडिया में ये खबर चर्चा में आ गई है। थाईलैंड के रायोंग प्रांत में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 44 वर्षीय थावीसाक नामवोंगसा ने अपने तलाक के ग़म में डूबकर एक पूरा महीना सिर्फ बीयर पीते हुए बिताया, बिना खाना खाए और पानी पिए। इस लत और मानसिक तनाव ने उनकी जान ले ली। 16 जुलाई को स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आपातकालीन सेवाओं को रायोंग स्थित उनके घर पर बुलाया गया। सूचना दी गई कि एक व्यक्ति को दौरे और झटकों के लक्षण हो रहे हैं। जब मेडिकल टीम वहां पहुंची, तो उन्होंने पाया कि थावीसाक बेहोश पड़े हुए हैं और उनके हाथ-पैर नीले पड़ चुके हैं, जो खून का संचार रुकने का संकेत था। डॉक्टर तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचा नहीं पाए और मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। लेकिन, सबसे चौंकाने वाला दृश्य तब सामने आया जब घर के हर कमरे में फर्श पर सैकड़ों खाली बीयर की बोतलें करीने से सजी हुई मिलीं। यह नज़ारा उनके अत्यधिक शराब सेवन की भयावह सच्चाई को उजागर करता है। घटना के बाद थावीसाक के 16 वर्षीय बेटे ने बताया कि उनके पिता ने एक महीने से सब कुछ खाना बंद कर दिया था और सिर्फ बीयर पी रहे थे। बेटे ने कई बार उन्हें खाना देने की कोशिश की, लेकिन थावीसाक हर बार इंकार कर देते थे। बेटे को यह भी जानकारी नहीं थी कि उनके पिता को कोई अन्य बीमारी थी या नहीं, जिसने इस हालत तक पहुंचाया।



### पिता की उम्र के शख्स को दिल दे बैठी 19 साल की लड़की, रचा ली शादी

**वारसॉ।** यह अनोखी लव स्टोरी पोलैंड के कपल इया और रफा की है, जिन्होंने 22 साल से एजगैप के बावजूद एक-दूसरे से शादी रचाई और आज खुशहाल जिंदगी बिता रहे हैं। इया ने हाल ही में अपनी शादी की छठी सालगिरह मनाई, और अपने पति रफा के साथ एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, लोग अक्सर हमें 'बाप-बेटी की जोड़ी' कहकर ताने मारते हैं, पर मुझे अब उन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मैं रफा के बिना अधूरी हूं। 41 वर्षीय रफा से इया की पहली मुलाकात तब हुई थी, जब वह सिर्फ 19 साल की थीं। लोगों को उनका रिलेशनशिप काफी अटपटा लगा, लेकिन इया इसे 'एक सपना सच होने' जैसा बताती हैं। उनकी हमेशा से ही जल्दी शादी करके मां बनने की चाहत थी, और रफा भी अपनी फैमिली चाहते थे। इस तरह उनकी जरूरतें उन्हें एक-दूसरे के करीब लाईं। इया कहती हैं कि पहले तो हमें लोग क्या कहेंगे इस बात को लेकर काफी डर था। क्योंकि, रफा उनसे 22 साल बड़े थे, लेकिन फिर उन्होंने अपने दिल की सुनी। अब कपल के बच्चे हैं और वे अपने फैसले पर गर्व करते हैं। इया और रफा की कहानी बताती है कि अगर प्यार सच्चा है, तो समाज की राय कोई मायने नहीं रखती। कपल के वीडियो पर कुछ नेटिजन्स उनके रिलेशनशिप की आलोचना कर रहे हैं, तो कुछ बधाई दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, किसी को जज मत कीजिए। मैं 60 की हूं और मेरे हस्बैंड 82 के हैं। हम दोनों 36 साल से साथ हैं। दूसरे ने कहा, अगर आपकी बेटी ऐसा करती तो, आप क्या करतीं। एक अन्य यूजर ने लिखा, बाप-बेटी की जोड़ी लग रही है। एक और यूजर ने कमेंट किया, दोनों को बधाई। हेटर्स की बातों को नजरअंदाज करें, और अपनी लाइफ खुलकर जिएं।



## तकनीक

### पेट्रोल-डीजल को कहेंगे बाय-बाय...

# भारत के पास है हाइड्रोजन क्रांति का मास्टरप्लान

### कम खर्च में मिलेगा धांसू पावर

"भारत 3 छोटे न्यूक्लियर रिएक्टर बना रहा है जिन्हें एसएमआर कहते हैं। इसमें 200 मेगावॉट का बीएसएमआर, 55 मेगावॉट का एसएमआर, हाइड्रोजन बनाने के लिए 5 मेगावॉट थर्मल भी शामिल है। इन तीनों को बनाने में लगभग 5750 करोड़ का खर्च आएगा और ये 5-7 साल में तैयार हो जाएंगे।"

**नई दिल्ली।** इन रिएक्टर्स की मदद से साफ-सुथरी बिजली और हाइड्रोजन मिलेगा। इसकी मदद से उद्योग और परिवहन के रास्ते और सुधरेंगे। यह भारत के कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी। भारत अब ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा कदम उठा रहा है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने 24 जुलाई को राज्यसभा में बताया कि भारत 3 तरह के छोटे मॉड्यूलर बना रहा है।




### इसे बनाना क्यों जरूरी है?

हाइड्रोजन को भविष्य के ईंधन के तौर पर देखा जाता है, क्योंकि ये जलने पर सिर्फ पानी छोड़ता है कोई कार्बन नहीं। भारत का 5 एमडब्ल्यूटीएच जीसीआर रिएक्टर थर्मोकेमिल प्रक्रिया से हाइड्रोजन बनाएगा जिसमें कॉपर क्लोराइड, और आयोडीन सल्फर जैसी तकनीकों का इस्तेमल करेगा. BARC ने पहले ही इन तकनीकों को टेस्ट और विकसित कर लिया है। इसे हाइड्रोजन ट्रक, बस और कार में ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होगी, जिससे पेट्रोल-डीजल की जरूरत धीरे-धीरे कम होगी।

### क्या होता है एसएमआर?

एसएमआर छोटे आकार के मॉड्यूलर रिएक्टर होते हैं जो बड़े और पुराने रिएक्टर से अलग होते हैं। ये 200 मेगावॉट से कम बिजली बनाते हैं और इन्हें फैक्ट्री में बनाया जा सकता है। इनके फायदों की बात करें तो छोटा आकार, सुरक्षित, कम लागत और साफ ऊर्जा देने में मदद करते हैं।



### इसे कौन बना रहा है?

पहले आपको बता दें कि ये आधुनिक तकनीक से बने हैं जो दुर्घटना के खतरे को कम करते हैं। इन रिएक्टर्स को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(NPCIL)मिलकर इन रिएकटर्स को बना रहे हैं। साथ ही ये छोटे आकार के होते हैं तो इन्हें छोटे शहरों में लगाया जा सकता है।

### कहां होगा इस्तेमाल?

55 मेगावॉट एसएमआर उन जगहों के लिए है जहां पर कम बिजली की जरूरत हो. इसे पुराने कोयला संस्थानों को बदलने के लिए किया जाएगा जिससे कार्बन का उत्सर्जन कम हो। पहला रिएक्टर बनाने में तकरीबन 5,750 करोड़ की लागत आएगी। इसके अलावा 5 एमडब्ल्यूटीएच जीसीआर रिएक्टर को खासतौर पर हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। खास बात ये है कि इन्हें बनाने की मंजूरी मिल चुकी है और अगले 5-6 साल में बनकर तैयार हो सकते हैं।

### किस्मत हो तो ऐसी! लॉटरी की गलती से लड़की बन गई 42 लाख की मालकिन

**न्यूयार्क।** बहुत लोग लॉटरी खरीदते हैं। उन्हें लगता है कि अगर उनकी किस्मत चमक गई तो उनकी जिंदगी बन जाएगी। पर हर किसी के साथ ऐसा नहीं होता है। बहुत लोग लॉटरी में हारते भी हैं। मगर एक लड़की की किस्मत इतनी गजब की है कि उससे लॉटरी में गलती भी हो गई, उसके बावजूद वो जीत गई और 42 लाख की मालकिन बन गई। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य की एक महिला ने एक साधारण सी गलती से लॉटरी में $50,000 (लगभग 42 लाख) जीत लिए। यह वही महिला है जिसने साल 2021 में $100,000 (83 लाख) की लॉटरी जीती थी। इस तरह कुछ ही वर्षों के भीतर दो बार इतनी बड़ी रकम जीतना किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह रोचक घटना फ्रेडरिक, मैरीलैंड की है, जहां यह महिला वॉशिंगटन एक्सप्रेस नामक एक सुविधा स्टोर में लॉटरी टिकट खरीदने गई थीं। महिला ने सोचा था कि वह दो $50,000 कैश टिकट खरीदेगी, लेकिन लॉटरी मशीन पर बटन दबाते समय उनसे गलती से एक अतिरिक्त बटन दब गया और उन्होंने तीन टिकट खरीद लिए।



#### दो बार जीत चुकी है बैकअप

यही तीसरा अतिरिक्त टिकट उनकी किस्मत बदल गया। महिला ने मैरीलैंड लॉटरी विभाग को बताया, 'यह सब एक दुर्घटना थी। मैं केवल दो टिकट खरीदना चाहती थी, लेकिन गलती से एक बटन ज्यादा दब गया और तीसरा टिकट भी निकल आया।' वही तीसरा टिकट उन्हें $50,000 का इनाम दिला गया।यह महिला कोई पहली बार लॉटरी नहीं जीत रही थी। साल 2021 में उन्होंने एक बिंगो-थीम वाले स्क्रैच-ऑफ टिकट के जरिए $100,000 जीते थे। इतने कम अंतराल में दो बार इतनी बड़ी जीत मिलने पर खुद महिला भी हैरान हैं। उन्होंने बताया, मुझे खुद पर विश्वास नहीं हो रहा था कि ऐसा दोबारा हो सकता है। यह पूरी तरह अविश्वसनीय है। उन्होंने आगे कहा कि स्टोर में उस समय काफी भीड़ थी, लेकिन उन्होंने खुद को चिल्लाकर सबको बताने से रोक लिया।

## चैट जीपीटी ने पत्नी के दिमाग में डाल दी पति के अफेयर की बात और करवा डाला तलाक

**एथेंस।** सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक महिला ने चैट जपीटी के कहने पर अपने पति को तलाक दे दिया। जी हां, असल में एक कला होती है, जिसे टैसियोग्राफी बोलते हैं। टैसियोग्राफी में क्या होता है कि मान लीजिए आप कॉफी पी रहे हैं और आपने एक मग में कॉफी पी ली और उस मग को खाली कर के रख दिया। इस मग में जो निशान बने होते हैं, उनको पढ़कर आपका भविष्य बताया जाता है। तो अब चैट जीपीटी में यह सर्विस आ गई है कि आप किसी भी शख्स के कॉफी मग के पिक्चर से उस के बारे में पता लगा सकते हैं। आप एक पिक्चर उस मग की चैट जीपीटी पर डाल दीजिए और थोड़ी देर बाद चैट जीपीटी उस शख्स के बारे में आपको सारी जानकारी दे देता है।



### खुलासे से हर कोई हुआ हैरान

फिलहाल यह मामला कोर्ट में चल रहा है और इस बात का खुलासा एक ग्रीक टीवी चैनल ने किया है। किसी शख्स ने बताया कि कैसे चैट जीपीटी से मेरी हंसती-खेलती जिंदगी बर्बाद हो गई। तो अब आप सोचिए कि अगर आप एआई और चैट जीपीटी को इतना सीरियसली लेंगे तो यह आपकी जिंदगी किस कदर बर्बाद कर सकता है।

### चैट जीपीटी के कहने पर लिया तलाक

ग्रीस में रहने वाली इस महिला ने भी यही किया, उसने अपने पति के कॉफी मग की तस्वीर ली और चैट जीपीटी पर डाल दी। अब चैट जीपीटी ने तस्वीर देखकर यह प्रडिक्शन कर दिया कि आपके जो पति हैं, उनका किसी महिला के साथ अफेयर चल रहा है और उसे नाम भी बता दिया कि जिससे उनका अफेयर चल रहा है, उस व्यक्ति का नाम ई अल्फाबेट से शुरू होता है। आप यकीन नहीं मानेंगे कि महिला ने इस बात को इतना सीरियसली लिया कि उसने अपने घर पर लॉयर को बुलाया, तलाक के कागजात तैयार करवाए और सीधे तलाक का एप्लीकेशन दे दिया।




सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
न्यूरो सर्जरी विभाग
.सिर की चोट
.रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
आदि का उच्च स्तरीय ईलाज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## अब कंडोम और नसबंदी को भी कहेंगे गुड बाय? पुरुषों के लिए गर्भनिरोधक गोली का पहला टेस्ट सफल

**लंदन।** पुरुषों के लिए बनी गर्भनिरोधक गोली का इंसानों पर पहला टेस्ट पास हो गया है। वाईसीटी-529 नाम की गर्भनिरोधक गोली पुरुषों के लिए फैमिली प्लानिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है, खासकर भारत जैसे देश के लिए जिसकी आबादी 140 करोड़ से भी ज्यादा हो चुकी है। वाईसीटी-529 नाम की इस गोली ने अपना पहला ह्यूमन सेफ्टी टेस्ट पास कर लिया है। ये गोली बिना हॉर्मोन के पुरुषों में स्पर्म बनने की प्रक्रिया को रोकती है। हालांकि, अभी यह शुरुआती टेस्ट ही था, जिसमें 16 लोगों पर जांच की गई कि क्या गोली सही मात्रा में शरीर में पहुंचती है और क्या इसके साइड इफेक्ट्स होते हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.



### अभी तक क्या थे विकल्प?

आपको बता दें कि अभी तक पुरुषों के पास गर्भनिरोधक के लिए 2 ही विकल्प थे। पहला कंडोम का इस्तेमाल और दूसरा वासेक्टॉमी जिसे नसबंदी भी कहा जाता है। कंडोम का इस्तेमाल हर बार करना पड़ती है, जबकि वासेक्टॉमी एक स्थायी तरीका है जिसे बदलना मुश्किल होता है। लेकिन, ये नई गोली पुरुषों के लिए अच्छा ऑप्शन साबित हो सकती है।

### कैसे काम करती है ये वीसीटी-529?

महिलाओं के लिए आने वाली गर्भिनिरोधक गोलियों में हॉर्मोन होते हैं, जो कई बार मूड स्विंग्स या वजन बढ़ने जैसे साइड इफेक्ट्स लाते हैं, जबकि इस नई गोली में ऐसा कुछ नहीं है। वीसीटी-529 पुरुषों के शरीर में शुक्राणु बनने की प्रक्रिया को अस्थाई तौर पर बंद कर देती है।

### क्या था टेस्ट का तरीका?

टेस्ट में कुछ लोगों को प्लेसीबो दी गई, कुछ को कम डोज जैसे 90 मिलीग्राम और कुछ को ज्यादा डोज जैसे 180 मिलीग्राम दी गई। इसके अलावा कुछ लोगों को खाना खाने के बाद ये दवा दी गई, जिससे इसका पता चल सके कि खाना दवा के असर को कैसे प्रभावित करता है। सभी डोज में गोली अच्छी मात्रा में शरीर की पहुंची जिसमें 180 मिलीग्राम की डोज सबसे अच्छी थी। लेकिन, गोली को दिन में कितनी बार लेना होगा ये अगले होने वाले टेस्ट्स में तय किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com